Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

दैनिक वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 46 | रविवार, 16 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

# नई दिल्ली में दर्दनाक हादसा

# रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत, 12 घायल

**नई दिल्ली।**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात कुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ अधिक होने से भगदड़ मच गई। इसकी चपेट में आने से 18 लोगों की मौत हो गई। 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें कुछ की हालत गंभीर है। लोकनायक अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि शनिवार रात प्लेटफार्म नंबर 14 पर प्रयागराज ट्रेन खड़ी थी। इसमें सवार होने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। केंद्र ने जांच के आदेश दिए। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी विलंब से चलने के कारण इसके यात्री भी प्लेटफार्म पर नंबर 12,13 और 14 पर थे। इसी दौरान प्रयागराज ट्रेन के और यात्री आने लगे। इससे प्लेटफार्म नंबर 16 के एस्केलेटर के पास और प्लेटफार्म नंबर 14 व 15 पर भगदड़ मच गई। इसमें महिलाएं और बच्चों समेत कई लोग गिर गए। लोग उनके ऊपर से चढ़कर पार होने लगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट किया, ?नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्थिति नियंत्रण में है। दिल्ली पुलिस और आरपीएफ पहुंच गई।



घायलों को अस्पताल ले जाया गया। अचानक भीड़ को हटाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। दिल्ली फायर सर्विसेज ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति है। इस संबंध में रेलवे स्टेशन से एक कॉल मिली। इसके बाद दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गई। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। वहीं दिल्ली पुलिस ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इसमें करीब 10 लोग घायल हैं। वहीं उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कोई भगदड़ नहीं है। यह महज एक अफवाह है। उत्तर रेलवे प्रयागराज के लिए दो नियोजित विशेष ट्रेनें चला रहा था। रेलवे ने कहा कि पुलिस मौके पर है और स्थिति नियंत्रण में है। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। हादसे की सूचना पर पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। एंबुलेस से घायलों को लोकनायक सहित अन्य अस्पतालों में भेजा गया। लोक नायक अस्पताल प्रशासन ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक रविवार को अवकाश होने के कारण शनिवार को प्रयागराज जाने के लिए काफी संख्या में लोग जुट गए। शनिवार को जनरल टिकट भी काफी काटे गए।


## हादसे के कारण

- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नहीं थी भीड़ प्रबंधन की कोई तैयारी
- तीन ट्रेनों के जाने में विलंब से प्लेटफार्म पर यात्री संख्या बढ़ गई
- भीड़ बढ़ने की चिंता नहीं की गई और जनरल टिकटों को बेचना जारी रखा गया
- सीढ़ियों व उसके आसपास बैठे लोगों को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया

## इससे पहले भी हुई थी भगदड़

16 मई 2010 को भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची थी जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई थी और 30 लोग घायल हो गए थे।

## अमित शाह ने भी दुख जताया



घटना पर अमित शाह ने भी दुख जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी व अन्य संबंधित अधिकारियों से बात की। दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात कर सभी को हर संभव सहायता पहुँचाने के निर्देश दिए। इस दुर्घटना में जान गँवाने वाले लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। घायलों को हर संभव उपचार दिया जा रहा है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ अधिक होने से भगदड़ मच गई। इसकी चपेट में आने से 18 लोगों की मौत हो गई। आठ लोग घायल हुए हैं। इनमें कुछ की हालत गंभीर है। रेलवे ने हादसे में किसी यात्री की मौत से इनकार करते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं, इस घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर ट्वीट किया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। अधिकारी उन सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं जो इस भगदड़ से प्रभावित हुए हैं।



# ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ का किया एलान

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर गए थे और इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात भी की। दोनों नेताओं की मुलाकात की बहुत सारी तस्वीरें सामने आई है। पीएम मोदी से मिलने से ठीक 2 घंटे पहले अमेरिका ने भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाया है। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामान पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश के सामान पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने इससे जुड़े नए टैरिफ पॉलिसी पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए थे।

ट्रंप ने भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का आरोप भी लगाया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में टैरिफ या कस्टम ड्यूटी का अर्थ है किसी वस्तु के आयात पर लगाया जाने वाला शुल्क। आयातक यह शुल्क



सरकार को देते हैं। इसका बोझ आमतौर पर अंतिम उपभोक्ता पर डाला जाता है। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक शुल्क और रिटैलिएटरी टैरिफ या प्रतिशोधात्मक शुल्क में कोई खास फर्क नहीं है। ये तब लगाए जाते हैं जब कोई देश ट्रेड पार्टनर द्वारा शुल्क बढ़ाने के जवाब में शुल्क लगाता है। घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से बचाने के लिए, लोकल प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने और विदेशी प्रोडक्ट्स की बाजार प्रतिस्पर्धा कम करने के मकसद से देश टैरिफ लगाते हैं।

# छत्तीसगढ़ के सभी 10 निगमों में बीजेपी के महापौर



**नई दिल्ली।**


दुर्ग में बीजेपी की अलका बाघमार ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता पोषण साहू को 67 हजार वोटों से हराया। बिलासपुर में बीजेपी की पूजा विधानी ने कांग्रेस के प्रमोद नायक पर 66179 वोटों से बड़ी जीत हासिल की। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 173 निकायों में निकाय चुनाव की मतगणना शनिवार शाम लगभग अंतिम चरण में पहुंच गई है। कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों में बीजेपी मजबूत बढ़त बनाए हुए है। 15 साल बाद रायपुर में भगवा पार्टी की वापसी को चिह्नित करते हुए, भाजपा की मीनल चौबे ने कांग्रेस की दीप्ति दुबे को 1.5 लाख से अधिक वोटों से हराया। दुर्ग में बीजेपी की अलका बाघमार ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता पोषण साहू को 67 हजार वोटों से हराया।

# महाराष्ट्र में 'लव जिहाद' के खिलाफ कानून जल्द

**नई दिल्ली।**

जारी एक सरकारी संकल्प (जीआर) के अनुसार, समिति जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद से संबंधित शिकायतों से निपटने के उपाय सुझाएगी। यह अन्य राज्यों में मौजूदा कानूनों की भी समीक्षा करेगा और कानूनी प्रावधानों की सिफारिश करेगा।

महाराष्ट्र सरकार ने जबरन धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के मामलों के खिलाफ संभावित कानून के लिए कानूनी ढांचे की जांच करने के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय वर्मा की अध्यक्षता वाले पैनल में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून और



न्यायपालिका, सामाजिक न्याय, विशेष सहायता और गृह जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। शुक्रवार देर रात जारी एक सरकारी संकल्प (जीआर) के अनुसार, समिति जबरन धर्मांतरण और लव जिहाद से संबंधित शिकायतों से निपटने के उपाय सुझाएगी। यह अन्य राज्यों में मौजूदा कानूनों की भी समीक्षा करेगा और कानूनी प्रावधानों की सिफारिश करेगा। श्रद्धा वाकर मामले के बाद महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा लव जिहाद का मुद्दा, मुस्लिम पुरुषों द्वारा हिंदू महिलाओं को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराने के कथित मामले उठाए गए हैं। महाराष्ट्र की 27 वर्षीय महिला वॉकर की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी और 2022 में उसके लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने उसके शरीर को कई टुकड़ों में काट दिया था। समिति गठित करने के सरकार के फैसले की विपक्ष ने आलोचना की है, एनसीपी (शरद पवार) नेता सुप्रिया सुले ने कहा है कि शादी करना या प्यार करना एक व्यक्तिगत पसंद है। मैं सरकार से वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध करता हूं।

# आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल, केजरीवाल के हाथ से जा सकती है एमसीडी

**नई दिल्ली।**

सचदेवा ने कहा कि एक सुंदर और विकसित दिल्ली बनाने के लिए अब लगातार काम करना होगा। इससे 10 वर्ष से रुका हुआ विकास कार्य भी पूरा हो सकेगा। आम आदमी पार्टी (आप) के तीन निगम पार्षद शनिवार को एंड्रयूज गंज से अनीता बसोया, हरिनगर से निखिल चपराना और आरकेपुरम से धर्मवीर सिंह भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद रहें। उन्होंने सभी आप से आए पार्षदों को पार्टी का पटका पहनकर स्वागत किया। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि दिल्ली में जल्द ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की वजह से देश लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है और अब दिल्ली की बारी है। दिल्ली के लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है, उसका नतीजा उन्हें सरकार का गठन होते ही मिलना शुरू हो जाएगा। सचदेवा ने कहा कि एक सुंदर और विकसित दिल्ली बनाने के लिए अब लगातार काम करना होगा। इससे 10 वर्ष से रुका हुआ विकास कार्य भी पूरा हो सकेगा। साथ ही, दिल्ली में भाजपा जिस विकसित दिल्ली की बात कर रही है उसके सपने को भी साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राजधानी को विकसित देखने वाले भाजपा के साथ आना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी भ्रम और भ्रष्टाचार की सरकार से पिछले 10 सालों से परेशान है।

अब उन्हें भाजपा के रूप में इकलौता विकल्प मिला है।



## संपादक की कलम से

### धार तेज है

शिमला में हेयर ड्रेसर ने अपने हुनर की धार को अपराध में लगा दिया। यह घिनौनी वारदात है जो बता रही है कि इनसानी गिले-शिकवे कितने घातक हो सकते हैं। कुछ दिन पहले एसडीएम मंडी को खनन माफिया के प्रहार से दो-चार होना पड़ा था। ऐसे में स्थितियों के भीतर कानून व्यवस्था का माहौल लाचार दिखाई देता है। इन सबके बीच हम राज्य को या तो राजनीतिक भंवर में देखते हैं या इसके दाग, उसके दागों से बेहतर साबित करने में लगे हैं। प्रदेश की प्रशंसा की धार भी तेज है और काम का सलीका भी तेज है। कहना न होगा कि प्रदेश में सबसे अधिक पुष्प हार यहां इस्तेमाल होते हैं, क्योंकि गर्दनें बताती हैं कि कितना वजन उठा सकती हैं, लेकिन समाज की गर्दनों पर चिट्टे की सवारी नजर नहीं आती। यहां अब एक खरीद-फरोख्त की धार है। एक अजीब नशे का उपभोक्तावाद है, जहां आने वाली पीढ़ी के खिलाफ माफिया की धार तेज है। कभी हिमाचल में जनता पैदल चलती थी। पत्थरों के रास्ते पर कोई प्याऊ मिल जाता था। इनसानी सफर में प्यास को बुझाने का सामाजिक दायित्व अंगीकार होता था। अब हम स्वीकार कर चुके हैं कि चिट्टा यूं ही आता रहेगा, इस रंग भरे समाज के सामने। हमारे सामने पूरी व्यवस्था एक ऐसी धारा है, जहां हर कोई अपनी धार तेज कर रहा है। कभी देखना जेसीबी की धार जिसने तमाम ह्यधारेंद्ध नोच लीं। पहाड़ को समतल बनाने की धार कितनी प्रभावशाली होगी और यही नहीं, अब तो नदियों की धारा को मोड ? की धार भी हमने पैदा कर ली। गगल अभी एयरपोर्ट विस्तार में उजड़ा नहीं, लेकिन एक बाहरी संसार अपनी-अपनी धार में बसने लगा है। टीलों पर खड़े लोग खड्डों में जमीन टटोल रहे हैं, पानी को फांसी देने का मुकदमा नंगे पहाड़ की अदालत में। गगल-चैतड़ू मार्ग पर कुछ साल पहले बरसात की धार और धारा ने जिन खड्डों को समुद्र बनाया था, वहां कयामत को रोकने के लिए एक बस्ती बसाई जा रही है। खड्ड के उसूल और एनजीटी के कबूल से कहीं दूर अगर धार तेज है, तो चैतड़ू की इस कालोनी के लिए खड्ड से लड़ते पत्थरों की अनूठी किस्मत देख लीजिए। आश्चर्य यह कि पीने के पानी के लिए लड़ते लोग शिमला जिला के एसडीएस को अपनी धार बता रहे हैं। क्या वर्तमान सिस्टम के किसी अधिकारी में कोई धार बची रह सकती है। प्रदेश में ट्रैफिक जाम में कुम्हलाई व्यवस्था की धार क्यों नहीं हो सकती है। राज्य के बार्डर एरिया में घुसते नशे के व्यापार के खिलाफ कानून-व्यवस्था की धार क्यों नहीं हो सकती। धार शिक्षा के पाठ्यक्रम में, नवाचार के क्रम में और रोजगार के दम में क्यों नहीं हो सकती। हमने धार को गलत बना दिया, प्रदेश का प्रभाव और प्रभुत्व बना दिया। अगर पूरे प्रदेश के अतिक्रमण का हिसाब लगाएंगे तो मालूम हो जाएगा कि हर गांव से शहर तक, कूहल से नदी तक और कायदे से कानून तक कुछ धारदार लोग धड़ल्ले से कब्जा जमा रहे हैं। कब्जा जमाने वालों ने सरकारी नौकरी में आकर भी ट्रांसफर नीति को अपनी धार से बार-बार काट दिया। किसी सरकार में यह धार नहीं रही कि स्थानांतरण नियमों को पैना करे।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह

### काश ये रात और लंबी हो जाती

कविता



काश ! ये रात और लम्बी हो जाती
चुपके से आ मेरी वो ख्वाबों में होती
क्या उनकी प्रेम कहानी सुनाऊँ
मना करती है किसी को ना बताऊँ

ले जाती है अपनी गाँव नित्य बेचारी
कल्पनाओं की लेकर आती है सवारी
गाँव जवार के सखियों से है मिलवाती
प्रेम की सबको तब बात बतालाती

कितना सुन्दर कितनी है वो न्यारी
हमें बना राजकुमार खुद राजकुमारी
बागों की कलियों से बात करवाती
अपनी हँसी हँस मासुमियत मुस्कुराती

खेत खलिहान बना उनका आशियाना
जहाँ दो दिल का बना मिलने का ठिकाना
बादलों की गाँव रोज सैर कराती
पपीहरा से हरदम डाँट दिलवाती

ये चंचल अल्हड़ नदी की मस्त रवानी
जग जाहिर कर दी अपनी प्रेम कहानी
दीवानगी है प्रेम की उनकी खुमारी
बदनाम कर दी है वो प्रेम की राजकुमारी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आतंकवाद व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप-दुनियाँ को नई लीडरशिप



गोंदिया




**आतंकवाद पर मोदी और ट्रंप की फटकार के बाद पाकिस्तान फड़फड़ाने लगा है।**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत के लिए विरोध का स्वर निकालने वाले देशों में मोदी की वाशिंगटन यात्रा व ट्रंप के साथ शानदार केमिस्ट्री, दोस्ती व अनेक समझौते एफ 35 विमान की पेशकश व आतंकवाद पर संयुक्त बयान से खासकर पड़ोसी व विस्तारवादी देश तिलमिला से गए हैं व ताबडतोप पाक के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने तिलमिलाकर कहा कि पाक के बलिदान को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों से हैरान है, तो वहीं ट्रंप ने 26/11 मुंबई हमले के तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यापित करने की घोषणा कर दी। बता दें, वैसे तो भारत सहित समूचा विश्व आतंकवाद नामक मानवजनित त्रासदी से पीड़ित हैं, तथापि भारत बहुत लम्बे समय से आतंकवाद का शिकार होता रहा है। भारतीय राज्यों में प्रमुखता से जम्मू एवं कश्मीर ,महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब व उत्तर प्रदेश आसाम शहर अनेक राज्य आतंकवाद से त्रस्त रहा है।आतंकवाद भारतीय उपमहाद्वीप का सर्वप्रमुख विकास अवरूद्ध करने वाला समस्या सिद्ध हुआ है जो समय समय पर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहा है, और जान माल की अत्यधिक क्षति आतंकवादी घटनाओं से ही अब तक हुआ है, चाहे वह मुम्बई बम ब्लास्ट की घटना हो या बनारस संकट मोचन, रेलवे स्टेशन की आतंकी घटना या फिर दिल्ली की घटना हो या जम्मू कश्मीर पुलवामा अटैक संसद पर हमला या फिर 26/11 का हमला सभी में असंख्य जाने गई है। जो क्षेत्र आज आतंकवादी गतिविधियों से लम्बे समय से जुड़े हुए हैं उनमें जम्मू-कश्मीर, मुंबई, मध्य भारत (नक्सलवाद) और आठ बहन राज्य (उत्तर पूर्व के आठ राज्य) (स्वतंत्रता और स्वायत्तता के मामले में) शामिल हैं। अतीत में पंजाब में पनपे उग्रवाद में आंतकवादी गतिविधियां शामिल हो गयीं जो भारत देश के पंजाब राज्य और देश की राजधानी दिल्ली तक फैली हुई थीं, जो अब धीरे-धीरे पकड़ में आ रही है व समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। चूँकि भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से एक और एक ग्यारह बनकर लड़ने की घोषणा व वैश्विक युद्धों पर मोदी ट्रंप की पार्टनरशिप, दुनियाँ को नई लीडरशिप! साथियों बात अगरहम वॉशिंगटन डीसी में मोदी ट्रंप के जॉइंट स्टेटमेंट की करें तो, उसमें कहा गया है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ निश्चित ही लड़ाई लड़ी जानी चाहिए और आतंकवादियों को पनाह देने वाले ठिकानों को पूरी दुनियाँ स... खत्म किया जाना चाहिए, इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने ग्लोबल टेररिज्म के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और पाकिस्तान से 26/11 मुंबई और पठानकोट हमलों के अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया।ज्वाइंट स्टेटमेंट में नाम लेकर पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए ना करे द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया, जो आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और नागरिकों की मजबूत भागीदारी पर आधारित होगा। इसके अलावा ज्वाइंट स्टेटमेंटमें अलकायदा, आईएसआई जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों की तरफ से आने वाले खतरों के खिलाफ सामूहिक तौर पर लड़ने को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने डिफेंस, ट्रेड, एनर्जी सिक्योरिटी, टेक्नोलॉजी और लोगों के बीच सहयोग के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला है। ज्वाइंट स्टेटमेंट में नेताओं ने इस बात पर फिर से जोर दिया है, कि आतंकवाद एक वैश्विक संकट है, जिससे सामूहिक तौर पर लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने 26/11 को मुंबई में हुए हमलों और 26 अगस्त 2021 को अफगानिस्तान में एबी गेट बम विस्फोट जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए अल-कायदा, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूहों से आतंकवादी खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा अमेरिका ने घोषणा की कि तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। दोनों नेताओं की इस बहुप्रतीक्षित मुलाकात में मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकताओं में एक तहव्वुर राणा को भारत लाने, खालिस्तान समर्थक गतिविधियों पर रोक लगाने, गैर-कानूनी तौर पर भारतीयों की अमेरिका में घुसपैठ कराने वाले लोगों के खिलाफ साझानिर्णायक कार्रवाई करने, रक्षा क्षेत्र में अगले दस वर्षों के लिए सहयोग का रोडमैप बनाने, भारत को अत्याधुनिक एफ-35 युद्धक विमान बेचने, अमेरिका से ज्यादा तेल व गैस की खरीद करने, मिल कर परमाणु ऊर्जा के छोटे व बड़े रिएक्टरों का निर्माण करने को लेकर सहमति बनी है।


साथियों बात अगर हम मोदी ट्रंप द्वारा जॉइंट स्टेटमेंट में आतंकवाद पर एक और एक ग्यारह होकर लड़ने की करें तो ट्रंप ने इस्लामिक आतंकवाद के मुद्दे पर भारत को एक अहम साझेदार बताया। संयुक्त बयान में अल-कायद व आइसिस के साथ भारत के लिए खास तौर पर खतरा बने पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठनों जैश-ए- मोहम्मद और लश्कर ए तैयबा के खतरों को लेकर सहयोग की प्रतिबद्धता जताई गई है और पाकिस्तान से कहा गया है कि वह मुंबई आतंकी हमले, पठानकोट हमले के दोषियों के खिलाफ शीघ्रता से कार्रवाई करे और यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद के लिए ना हो।आतंकवाद के संदर्भ में भारत ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से मिली मंजूरी पर गहरा संतोष जताया है। भारत पिछले कई वर्षों से इस बारे में अमेरिका से बात कर रहा था। डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना चेतावनी भरा एक संकेत दिया है. डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि, इस साल की शुरूआत से ही अमेरिका ने भारत के साथ अरबों डॉलर की सैन्य खरीद बढ़ा दी है।

ट्रंप ने आगे कहा कि, अमेरिका और भारत विश्व के लिए खतरा बन रहे कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद का सामना करने के लिए पहले की तरह मिलकर काम करते रहेंगे।

मोदी और ट्रंप की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों ने चीन को लेकर भी सवाल पूछे, ट्रंप ने चीन के साथ संबंधों को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए चीन हमारे लिए महत्वपूर्ण देश है।ट्रंप ने कहा कि, उन्हें लगता है कि चीन के साथ रिश्ते बेहतर हो जाएंगे।

# दक्षिण भारत का एक प्रमुख पर्वतीय स्थल है येरकौड

येरकौड झील, येरकौड का प्रमुख आकर्षण है। यह झील पूरी तरह से प्राकृतिक है और इसके चारों ओर हरे-भरे बाग-बगिचे फैले हुए हैं। पर्यटक यहां नौका विहार का आनंद ले सकते हैं और झील के किनारे चलने का भी सुखद अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। येरकौड, जो तमिलनाडु राज्य के सलेम जिले में स्थित है, दक्षिण भारत का एक प्रमुख पर्वतीय स्थल है। यह स्थल अपनी खूबसूरत पहाड़ियों, हरियाली, ठंडी हवा, और अद्भुत प्राकृतिक दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। येरकौड का शांतिपूर्ण वातावरण और सुरम्य दृश्य इसे उन पर्यटकों के लिए आदर्श गंतव्य बनाते हैं जो शहर की हलचल से दूर शांति और प्रकृति का आनंद लेना चाहते हैं। आइए जानते हैं येरकौड के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।



**येरकौड झील:** येरकौड झील, येरकौड का प्रमुख आकर्षण है। यह झील पूरी तरह से प्राकृतिक है और इसके चारों ओर हरे-भरे बाग-बगिचे फैले हुए हैं। पर्यटक यहां नौका विहार का आनंद ले सकते हैं और झील के किनारे चलने का भी सुखद अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। यह स्थान परिवारों और बच्चों के लिए आदर्श है, क्योंकि यहां के वातावरण में शांति और ताजगी का अहसास होता है।

**सर्कुलर रोड सर्कुलर:** रोड येरकौड का एक प्रसिद्ध मार्ग है, जो पहाड़ियों के किनारे से गुजरता है और आपको सुंदर प्राकृतिक दृश्यों का आनंद देता है। यह रोड पूरे येरकौड शहर का चक्कर लगाता है और यहां से आप पहाड़ियों, घाटियों और हरे-भरे बागों का मनमोहक दृश्य देख सकते हैं। यह स्थल ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन गंतव्य है।

**लेडी'ज सीट:** लेडी'ज सीट, येरकौड के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह एक छोटी सी चोटी है, जहां से आप येरकौड शहर और उसके आस-पास के पहाड़ी क्षेत्रों का शानदार दृश्य देख सकते हैं। यह स्थल सूर्यास्त के समय खास रूप से आकर्षक हो जाता है। लेडी'ज सीट का नाम एक स्थानीय मान्यता से जुड़ा हुआ है, जो इसे एक ऐतिहासिक स्थल भी बनाता है।

**संकुली किल:** संकुली किल, जिसे एमरल्ड झील भी कहा जाता है, येरकौड के पास स्थित एक और खूबसूरत स्थल है। यह झील अपनी नीली और हरी रंग की जलवायु के कारण बहुत प्रसिद्ध है। यहां के शांतिपूर्ण वातावरण और सुंदर दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। झील के पास घूमने और प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने का अनुभव बेहद खास होता है।

**किल सागर:** किल सागर येरकौड का एक प्रसिद्ध जलप्रपात है, जो पहाड़ियों से गिरता है। यह झरना अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है और पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय ट्रैकिंग स्थल है। यहां के जलप्रपात के गिरने की आवाज और आसपास का दृश्य एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए आदर्श है।

**एनेकट्टी:** एनेकट्टी येरकौड का एक खूबसूरत गांव है जो वन्यजीव प्रेमियों और ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन स्थल है। यह स्थल प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता से भरपूर है। यहां आप विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों को देख सकते हैं और प्राकृतिक परिवेश में समय बिता सकते हैं।

**पार्क :** येरकौड पार्क शहर के बीच स्थित है और यह एक सुंदर जगह है जहां आप परिवार के साथ समय बिता सकते हैं। पार्क में विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों की विविधता है और यहां बच्चों के लिए खेलने के लिए खेलकूद की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल बच्चों के साथ घूमने के लिए बहुत ही उपयुक्त है।

**त्रैकोट :** त्रैकोट एक पर्वतीय स्थल है, जहां से आप सर्वरायन मंदिर की यात्रा कर सकते हैं। यह स्थल येरकौड के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से एक है और यहां से पूरे क्षेत्र का सुंदर दृश्य देखने को मिलता है। मंदिर तक पहुंचने के लिए ट्रैकिंग करनी होती है, जो साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए आदर्श है।

**शिव मंदिर:** येरकौड में स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर, भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर की शांतिपूर्ण और सुरम्य स्थिति इसे एक आदर्श धार्मिक स्थल बनाती है। यह स्थल आत्मिक शांति और मानसिक विश्राम के लिए उपयुक्त है।

**ऑरेंज प्लांटेशन:** येरकौड के प्रसिद्ध ऑरेंज बागानों में सैर करना एक अलग ही अनुभव होता है। यहां के बागानों में आप ताजे और स्वादिष्ट संतरे देख सकते हैं। यह स्थान उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो कृषि और जैविक उत्पादों में रुचि रखते हैं। संतरे के बागान के बीच घूमते हुए, आप प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। येरकौड एक आदर्श पर्वतीय स्थल है जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांति, और ऐतिहासिक महत्व का अद्भुत मिश्रण है। यहां के झील, जलप्रपात, पहाड़ी स्थल और मंदिर पर्यटकों को एक यादगार अनुभव प्रदान करते हैं। यदि आप शहरी जीवन से दूर प्रकृति के बीच समय बिताना चाहते हैं, तो येरकौड आपके लिए एक बेहतरीन गंतव्य हो सकता है।

# महावीर की अमृतवाणी को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी: साध्वी सुब्रतांजी

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** आचार्य श्री महाश्रमण की विद्वान शिष्या शासनश्री साध्वीश्री सुब्रतांजी ने कहा कि भगवान महावीर के अहिंसा, अनेकांत, सहअस्तित्व एवं शांति की अमृतवाणी को जन-जन तक पहुंचाने की आज सर्वाधिक आवश्यकता है। आज का मनुष्य तनाव, अशांति, आतंकवाद एवं हिंसा के माहौल में जीवन जी रहा है, उसमें महापुरुषों की अमृतवाणी ही शांति, संतुलन एवं सुख का माध्यम बन सकती है। जैन तीर्थंकरों के साथ-साथ आचार्यों एवं मुनिजनों के उपदेश शांतिपूर्ण जीवन का आधार है। आचार्य श्री तुलसी, आचार्य श्री महाप्रज्ञ एवं वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण एवं तीर्थंकरों की वाणी को संचार माध्यमों के द्वारा देश और दुनिया में पहुंचाने की दृष्टि से अमृतवाणी संस्था अनूठा कार्य कर रही है। साध्वीश्री सुब्रतांजी मेहरौली के तेरापंथ भवन में कालूकुंज में अमृतवाणी कार्यालय के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए अपना उद्बोधन प्रदत्त कर रही थी। समारोह की अध्यक्षता जैन विश्वभारती के उपाध्यक्ष श्री पन्नालाल बैद ने की, जबकि समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री जोधराज बैद थे। विदित हो कि अमृतवाणी चार दशकों से तीर्थंकरों के उपदेशों एवं आचार्यों की वाणी को विभिन्न टीवी चैनलों एवं यूट्यूब के माध्यम से प्रतिदिन देश और दुनिया में पहुंचाने का उल्लेखनीय कार्य कर रही है। अब तक इसका प्रधान कार्यालय लाडनूं राजस्थान में रहा है, अब इस कार्यालय को दिल्ली में अधिक नियोजित ढंग से संचालित करने के लिए इस कार्यालय का उद्घाटन किया गया। अमृतवाणी के संरक्षक श्री सुखराज सेठिया ने संस्था का परिचय प्रस्तुत करते हुए समाजभूषण श्री जेसराज सेखानी की उल्लेखनीय सेवाओं का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अमृतवाणी आचार्यों की वाणी को संरक्षित, सुरक्षित और सम्प्रेषित करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर श्री पन्नालाल बैद ने कहा आज के संचार युग में गुरुओं की वाणी को देश और दुनिया में पहुंचाकर अमृतवाणी ने एक महा क्रांति घटित की है। यह संस्था बीज से वटवृक्ष बनकर आधुनिक जीवन में धर्म को स्थापित करने का महान कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संयोजन श्री संदीप डूंगरवाल ने कुशलता से किया है।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री ललित दूगड़ एवं महामंत्री श्री अशोक पारख ने जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली का कार्यालय का स्थान प्रदत्त करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमृतवाणी को उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले कार्यकताओं का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में साध्वी कार्तिकप्रभाजी एवं साध्वी चिंतनप्रभाजी ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन दिल्ली सभा के महामंत्री श्री प्रमोद घोड़ावत ने ज्ञापित किया। इस समारोह से पूर्व जैन संस्कार विधि से संस्कारक श्री सुशील डागा एवं श्री सुशील बैंगानी ने उद्घाटन प्रक्रिया को संपन्न कराया।

## थाना धनघटा पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा

उ0नि0 रवीन्द्र यादव, का0 वीरेन्द्र चौहान ने मु0अ0स0 67/2025 धारा 137(2), 87, 61(2)(ए) बीएनएस थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता पप्पू पुत्र रामानन्द निवासी जोगीपुर थाना धनघटा को धनघटा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादी द्वारा दिनांक 12.02.2025 को थाना धनघटा पर वादी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

## सामाजिक विज्ञान एक ऐसा विषय है, जिसमें छात्र आसानी से अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं: अब्दुस्सलाम

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** 24 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षा की शुरूआत होने जा रही है और ऐसे में यूपी बोर्ड के हाई स्कूल व इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा की तैयारी पर विशेष ध्यान देना जरूरी हो गया है. कई छात्र-छात्राएं अपनी तैयारियों को लेकर चिंतित हैं, खासकर सामाजिक विज्ञान जैसे विषय में, जो कई के लिए एक चुनौती बनता है। छात्रों को लगता है कि सामाजिक एक जटिल विषय है। सामाजिक विज्ञान में अच्छे अंक प्राप्त करना एक परेशानी भरा काम लगता है। एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के शिक्षक अब्दुस्सलाम कहते हैं कि इस विषय में महारत हासिल करना एक सरल प्रक्रिया है। सामाजिक विज्ञान में, छात्रों को कुछ महत्वपूर्ण टिप्स ध्यान में रखने चाहिए जो उन्हें पूरे अंक प्राप्त करने में मदद करेंगे। छात्रों को विषय के महत्वपूर्ण टॉपिक्स के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए. एग्जाम के समय में सामाजिक विज्ञान एक ऐसा विषय है, जिसमें छात्र आसानी से अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं. इसके लिए हम सभी को महत्वपूर्ण टॉपिक को अच्छी तरीके से तैयार कर लेना चाहिए। अपनी तैयारी शुरू करने से पहले छात्रों को सामाजिक विज्ञान परीक्षा का सिलेबस देखना चाहिए। सिलेबस देखने से उन्हें पता चल जाएगा कि कौन से विषय पूछे जाते हैं। इसके साथ ही उन्हें परीक्षा पैटर्न भी देखना चाहिए। 80% सिलेबस को 20% ध्यान से पढ़ने के बजाय, 80% ध्यान से 20% सिलेबस को हल करें ताकि आपको अच्छे परिणाम मिलें। ज्यादातर छात्र यह नहीं समझते कि कुछ विषयों पर पूरी एकाग्रता से ध्यान केंद्रित करने से आपको पूरे सिलेबस के बारे में बहुत कम या बिलकुल भी जानकारी न होने की तुलना में बेहतर स्कोर करने में मदद मिलेगी। विषय के महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर अच्छी पकड़ बनाएं, पिछले सालों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें, ब्लूप्रिंट के आधार पर ही किस पाठ से किस तरह के प्रश्न आ रहे हैं, उसी प्रकार पाठों का अध्ययन करें, प्रश्न पत्र बनाकर मूल्यांकन करें, फ्लैशकार्ड बनाएं और उन्हें पढ़ने की जगह के पास चिपकाएं, परीक्षा से पहले सभी टॉपिक को कवर कर लें और उनका कई बार रिवीजन भी कर लें, पढ़ाई के लिए प्लान तैयार करें, टाइम टेबल जरूर बनाएं, जो पढ़ें उसे लिखने की प्रैक्टिस करें।

## अंडर पास की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन किस उत्थान के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष नदीम खान के नेतृत्व में शनिवार को मेरठ गढ़ रोड पर निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग से भाटीपुरा बड्डा मोड़ पर अंडर पास की मांग को लेकर एसडीम मवाना को एक ज्ञापन दिया।किसानो की मांग है कि मेरठ गढ़ मार्ग स्थित कायस्थ बड्डा मोड़ से जाने वाला रास्ता 6 गांव खेड़की. अमहेड़ा सैनी.कस्थ्य बड्डा. मुबारिक पुर.मानपुर. कुली पुर आदि गांव को जोड़ता हैं इसलिये यहाँ अंडर पास बनना अति आवश्यक है।किसानो ने बताया कि किसान व ग्रामीण रोजाना इस मार्ग पर आवागमन करते हैं अंडर पास न मिलने की वजह से उक्त गांव को जोड़ने वाली सड़क बंद हो जायेगी जिस कारण ग्रामीण व किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा तथा मजबूरी वश भटीपुरा गाँव से रॉन्ग साइड आना पड़ेगा जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहेंगी। किसानों ने एसडीएम मवाना को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी देकर कहां कि अगर हमारी अंडरपास की मांग पूरी नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन किसान उत्थान अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर मोहम्मद यासीन. नजाकत अली.वसीम. मेहरबान. शाकिर. साजिद. अकबर अली. वाहिद अली. मोहम्मद शमीम. राजकुमार. मोहम्मद आजाद. आसिफ.जाकिर.मोनिस आदि किसान मौजूद रहें।

## वेतन बढ़ोतरी को लेकर चौकीदारों ने की बैठक आयोजित



वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में क्षेत्र के एक दर्जन से भी अधिक गांव के चौकीदारों ने एक बैठक आयोजित वेतन वृद्धि के लिए ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह को सौंपा, इस दौरान बैठक में दर्जनों चौकीदार मौजूद रहे। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में ग्रामीण चौकीदार समिति के बैनर तले थाना क्षेत्र के एक दर्जन से भी अधिक गांव के चौकीदारों ने बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मदन गिरी ने कहा कि आज के युग में महंगाई इतनी बढ़ गई है कि घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा है। सरकार चौकीदारों का वेतन मात्र इतना दे रही है जितना आटे में नमक मिलाया जाता है। चौकीदार अपना कार्य अंग्रेजी शासन काल से कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि चौकीदार रात दिन गर्मी, ठंड एवं बरसात में पहरा देकर अपना कार्य निष्ठा के साथ करता है। सरकार को चौकीदारों का वेतन बढ़ाना चाहिए। इस दौरान प्रवक्ता शाहिद अहमद ने कहा कि जब गांव के लोग चैन की नींद सोते हैं तो चौकीदार अपनी जान की परवाह ना करते हुए पहरा देता है। चौकीदार भी एक सेना के जवान की तरह अपना कार्य करता है चौकीदारों को सरकार सम्मान पत्र एवं उनका वेतन बढ़ाने का कार्य करें।

इस दौरान दर्जनो चौकीदारों ने एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पूर्व मंत्री एवं भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह को सौंपा। भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने चौकीदारों को आश्वासन दिया कि वह जल्दी लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर चौकीदारों का वेतन बढ़ाने एवं सम्मान दिलाने के अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात करेगा। इस दौरान बैठक में दर्जनों चौकीदार मौजूद रहे।

## पुलवामा शहीदों की याद में हुआ एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** पुलवामा में हुए देश के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि हेतु मथुरा के बाद स्थित श्रीकृष्ण सरोवर, बी.एस.एफ. कैम्प में हिमांजलि फाउंडेशन एवं रिफाइनरी क्षेत्र प्रेस क्लब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जवानों द्वारा देशभक्ति के तराने व वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ राधावल्लभ मंदिर के तिलकायत अधिकारी मोहित मराल गोस्वामी महाराज, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट डॉ. नीरज भारती, बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट सी.पी. सिंह, संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अर्चना प्रिय आर्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सेना मेडल से सम्मानित शहीद बबलू सिंह, शहीद सोनपाल, शहीद इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राधावल्लभ मंदिर के तिलकायत अधिकारी मोहित मराल गोस्वामी महाराज ने कहा कि देश को भारत भूमि को भक्त, दानवीर और शूरवीरों की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अर्चना प्रिय आर्य ने कहा कि भारत देश की भूमि कभी वीर विहीन नहीं रही है, समय समय पर यहां के वीर, वीरांगनाओं ने आगे आकर इस मातृभूमि पर अपने प्राण न्यौक्षावर किए हैं। आज भी हम यदि संरक्षित हैं तो केवल अपने वीर जवानों के कारण ही हैं। उन्होंने कहा कि भारत देश सदैव से पूरे विश्व की शान था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने आह्वान किया कि अपने बच्चों के दिलों में भी देशभक्ति की आग जलाएं और उन्हें वीर जवानों के किस्से कहानियां अवश्य सुनाएं, जिससे बच्चे हमारे अतीत को समझ सकें। कार्यक्रम को सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट डॉ. नीरज भारती, बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट सी.पी. सिंह ने भी संबोधित किया। उप कमाण्डेंट ने कहा कि पुलवामा हमले के शहीदों को देश कभी भुला नही सकता। इस अवसर पर आयोजकों द्वा सभी अतिथियों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राथमिक पाठशाला बाद के बच्चों द्वारा देश-भक्ति से ओत-प्रोत भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि रितेश गौतम व हिमांजलि फाउंडेशन एवं रिफाइनरी क्षेत्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश सिंह तरकर ने सभी का आभार व्यक्त कर किया। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम मथुरा की प्रभारी सब-इंस्पेक्टर अल्का रानी, सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर गिरीश कुमार, सब-इंस्पेक्टर कृष्ण गोपाल, विकास कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, चंदन सिंह तरकर, डॉ. विवेक प्रिय आर्य, गोपाल ठाकुर, राकेश सिसौदिया, गजेन्द्र लम्बरदार, नरेंद्र गोस्वामी एडवोकेट, उत्कर्ष प्रताप आर्य, पूजा सिसौदिया सहित बीएसएफ, सीआईएसएफ एवं यूपी पुलिस के अन्य बल सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मिलावटी खाद्य पदार्थों को अंकुश लगाने को चला अभियान



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) सतीश कुमार के निर्देशन में जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने एवं आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत कस्तूरी स्वीट, आजाद चौक संत कबीर नगर से एक नमूना खोये का व एक नमूना मिल्क केक का संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल दो नमूने संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया जा रहा है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही कार्यस्थल पर साफ सफाई संतोषजनक न होने के कारण सुधार नोटिस दिया गया।

इस अवसर पर नरेंद्र कुमार सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व सच्चिदानंद गुप्ता व मिश्री लाल खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पानी भरने को लेकर हुई रंजिश में महिला को मारपीट कर किया घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र की इदरीस बैग बिहार कालोनी निवासी एक महिला ने पड़ोस के लोगों पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। महिला ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र की इदरीस बैग बिहार कालोनी निवासी महिला फूलो पत्नी नौशाद ने बताया कि चार दिन पूर्व पीड़िता पड़ोस के एक व्यक्ति के समरसेबल से पाइप लगाकर अपने घर पर पानी भर रही थी आरोप है कि तभी पाइप से गली में पानी निकल गया तो पड़ोस की दूसरी महिला इसराना ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के साथ मारपीट कर दी थी।शौर शराबा होने पर पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए थे जिन्होंने दोनों का मामला शांत करा दिया था। पीड़ित महिला फूलों का कहना है कि वह शनिवार को दुकान पर नाश्ते का सामान लेने के लिए जा रही थी तो आरोपी महिला ने अपने पति कय्यूम एवं पुत्र अबुजर सहित एक अन्य आरोपी के साथ मिलकर पीड़िता को पकड़ लिया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण2024 के अंतर्गत मथुरा निगम की नई पहल

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्टिगत नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा कई अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं जिसके अन्तर्गत यमुना नदी के घाटों के किनारे प्रयोग की गयी पूजा समाग्री आदि की एकत्रित करने हेतु अर्पण कलश की स्थापना करायी जा रही है ताकि घाटों के किनारे पूजा करने के उपरान्त पूजा सामग्री को यमुना नदी में प्रवाहित न करते हुये अर्पण कलश में सामग्री को एकत्रित किया जायेगा। इसी प्रकार नगर निगम द्वारा व्यवस्थित किये गये वेंडिंग जोन एरिया/ मंदिरों एवं कॉलेज के आसपास क्षेत्र में यूज्ड प्लास्टिक बोतल, कैन एवं सूखे कूड़े को एकत्रित किये जाने हेतु हार्ट की आकृति में बोतल बैंक की स्थापना करायी जा रही है जिसके अन्तर्गत महा नगर में विश्राम घाट दाऊजी घाट बंगाली घाट पर 03 स्थानों पर अर्पण कलश की स्थापना का कार्य नगर निगम द्वारा कराया गया है। इसी प्रकार मथुरा नगर में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पोतरा कुंड विकास मार्केट एवं बीएसए कॉलेज के पास बोलत बैंक की स्थापना करायी गयी है।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा स्थानीय जनता से अनुरोध किया गया कि यमुना नदी के घाटों पर पूजा उपरान्त पूजा सामग्री को अर्पण कलश में तथा वेंडिंग जोन एवं पब्लिक क्षेत्र में स्थित बोतल बैंक में प्लास्टिक बोतल, केन एवं सूख कूड़ा डाले जाने का अनुरोध किया गया है। इस दौरान वार्ड 65 के पार्षद रामकृष्ण पाठक अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सफाई निरीक्षक राकेश कुमार सैनिटेशन एक्सपर्ट रिषभकांत दुबे रोहित वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## तालाब के किनारे रेलिंग लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को विकास खंड सेमरियावा के गांव सफियाबाद के ग्रामीणों ने तालाब के किनारे रेलिंग लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से रेलिंग लगाने की मांग की है। सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के गांव सफियाबाद निवासी व युवा समाजसेवी मुहम्मद अरमान के नेतृत्व में मुहम्मद फैजान, मतीउल हसन, मुहम्मद मारूफ, मुहम्मद रईस, सबरे आलम, अबूबकर, मुहम्मद शोएब, प्रिंस कुमार आदि ने तालाब के किनारे रेलिंग लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। समाजसेवी मुहम्मद अरमान ने बताया कि सड़क के किनारे तालाब होने से आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है अगल बगल में प्राथमिक विद्यालय और अरबी मदरसा है जहां छोटे छोटे बच्चे पढ़ने जाते हैं अभिभावकों को हमेशा डर बना रहता है। इस समस्या को कई बार अवगत कराने के बाद भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने सड़क के किनारे सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाने की प्रशासन से मांग किये हैं।

## संस्कार लोक गुरुकुलम का अष्टदिवसीय चतुर्थ वार्षिक महोत्सव दिनांक 18 फरवरी से

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** चैतन्य विहार फेस-2 क्षेत्र स्थित संस्कार लोक गुरुकुलम् का अष्टदिवसीय चतुर्थ वार्षिक महोत्सव दिनांक 18 से 25 फरवरी 2025 पर्यन्त अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 18 से 24 फरवरी पर्यन्त नित्य प्रातः 10 से मध्याह्न 01 बजे तक प्रख्यात भागवताचार्य डॉ. अशोक शास्त्री महाराज अपनी सरस वाणी में श्रीमद्भागवत कथा का रसास्वादन कराएंगे। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि 18 फरवरी को सायं 04 बजे से श्रीहनुमद् आराधन मंडल परिवार द्वारा संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। महोत्सव का समापन 25 फरवरी को हवन-पूर्णाहूति एवं संत-ब्रजवासी- वैष्णव सेवा एवं महाप्रसाद (भंडारा) आदि के साथ होगा। महोत्सव के मुख्य यजमान श्रीमती मीरा - सुरेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती बीनू - दीपक मुरारका, विशेष सहयोगी भक्तिमती सुशील गुप्ता, भक्तिमती मीरा केडिया एवं श्रीमती सुमन तथा समस्त गोपिका मण्डल (बैंगलुरु) ने सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# डीएम की अध्यक्षता में मेंहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।



संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे- वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरूस्ती आदि के मामल को तत्काल सुलझाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। मेंहदावल तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 57 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिये।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारी/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर उप जिलाधिकारी मेंहदावल रमेश चन्द्र सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की उपस्थित में सुना गया। अधिकारीद्वय ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित फरियादियों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्यवाही आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनो पक्षों की पूरी बात को सुनने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण करें। तहसील खलीलाबाद में कुल 47 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष 45 प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थातंरित करते हुए अबिलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान, तहसीलदार जर्नादन सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को जिला मुख्यालय कोतवाली के समीप वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी सहायता और पुनर्वास आदि सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने हिंसा से पीड़ित महिलाओं के रहने एवं भोजन, बिजली, पानी, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने परिसर में शौचालय, साफ-सफाई व सेंटर के अभिलेखों को व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर के संचालन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए वहां तैनात केस वर्कर व पैरामैडिकल स्टॉफ को वन स्टॉप सेंटर के सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संचालन करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी पीड़ित महिला एवं बालिकाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जाय। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते हुए काउंसलिंग कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष के साथ ही किचन व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अभिलेखों को अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने तैनात कार्मिकों से विभिन्न जानकारियां प्राप्त करते हुए पीड़ित महिलाओं को राहत एवं सुरक्षा प्रदान करने, सेंटर में पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, वन स्टॉप सेंटर से संबंधित सभी रिकार्डो को सुरक्षित व व्यवस्थित ढंग से रखने, हिंसा से पीड़ित महिला एवं बालिकाओं को तत्काल सहायता दिलाने व उनकी सुरक्षा के लिए महिला कार्मिक को ही तैनात रखने के निर्देश दिए।डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को शिकायत पेटी को प्रत्येक सप्ताह में खोलने के साथ ही उसमें प्राप्त शिकायतों का त्वरित गति के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीपीओ मंजु लता यादव समेत वन स्टॉप सेंटर के कार्मिक उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने राप्रावि देवलखेत में स्मार्ट क्लास, वाल पेंटिंग व शौचालय नवीनीकरण कार्यों का रिबन काटकर किया लोकापर्ण



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने विकास खंड गरुड़ के राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवलखेत में कॉनकॉर एवं सुविधा के सहयोग से स्मार्ट क्लास, वाल पेंटिंग व शौचालय नवीनीकरण कार्यो का रिबन काटकर लोकापर्ण किया। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया व बच्चों को खेल सामग्री वितरित की। जिलाधिकारी ने सीएसआर मद से संस्था द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए छात्रों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनपद के अन्य विद्यालयों में भी आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में निरन्तर प्रयास किए जा रहे है। डीएम ने स्मार्ट क्लास का उद्घाटन कर डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में मजबूत कदम बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट क्लास का संचालन होने से बच्चों को आधुनिक तकनीक को सीखने एवं पढ़ाई करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आधुनिक चीजे देखने से बच्चों के अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा होता है। और मनोवैज्ञानिक रूप से भी लाभप्रद होता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों को कैरम बोर्ड, बैडमिंटन, चैस आदि खेल सामाग्री वितरित की। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सोन, खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता तथा सुविधा संस्था के डायरेक्टर आशीष श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक दीपक द्विवेदी, रेखा देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य महेश पंत ने किया।

## महाकुंभ गए कार चालक की संदिग्ध अवस्था में मौत, परिवार में मचा कोहराम

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** मालिक के परिवार को लेकर महाकुंभ गए एक कार चालक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। आंवला थाना क्षेत्र के मोतीपुरा के ग्रामीणों ने बताया है कि नेम सिंह (46) एक ट्रांसपोर्ट पर ट्रक चलाता है। ट्रांसपोर्टर का परिवार 10 फरवरी को महाकुंभ गया था। कार चलाने के लिए नेम सिंह को साथ ले गया। वहां ट्रांसपोर्टर का परिवार नेम सिंह को कार में छोड़कर मेले में चला गया। दो दिन पहले नेम सिंह की मौत हो गई। पड़ोस में खड़ी कार चालकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिवार समेत गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि 10 माह पहले नेम सिंह की पत्नी की बीमारी से मौत हो चुकी है। उसके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है, सभी अविवाहित हैं।



# विधायक ने मंदित आश्रय ग्रह का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया

**सोहावल।** ग्राम पंचायत मुकीमपुर, पहाड़पुर, में नवनिर्मित मंदित आश्रय ग्रह का शिलान्यास विधायक डाक्टर अमित सिंह चौहान ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए उपस्थित जनता को संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जीवन के हर वर्ग के लोगों का विकास हुआ है। उनके अनुसार सरकारी योजनाओं को समाज के निम्न स्तर तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। ज्ञातव्य हो कि उक्त केन्द्रों में मानसिक मंदित दिव्यांग जन को प्रवेश देकर उनकों आश्रय प्रदान किये जाने के साथ-साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वावलम्बी बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर भाजपा नेतासूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, रमेश सिंह ननमुन, नंद कुमार सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



## पिता ने अपने दो पुत्रों से बताया जान का खतरा, लगाईं सुरक्षा की गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने अपने दो पुत्रों से जान का खतरा बताते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर थाने पर तहरीर दी है। पीड़ित ने जिला अधिकारी को पत्र भेज कर अपने दोनों पुत्रों को अपनी संपत्ति से भी बेदखल किया है। थाना क्षेत्र की कांधला देहात स्थित नई बस्ती निवासी नौशाद पुत्र मकसूद ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके दो पुत्र शहजाद एवं मेहताब पीड़ित व उसके परिवार के साथ आए दिन गाली-गलौज एवं मारपीट करते हैं। पीड़ित व उसका परिवार दोनों आरोपियों की हरकतों से तंग आ चुका है। पीड़ित का कहना है कि उसके दोनों पुत्र पीड़ित व उसके परिवार के लोगों को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं। आरोप है कि उसके दोनों पुत्र उसकी हत्या कर सकते हैं।

## घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में 4 के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में एक सप्ताह पूर्व नाली में साफ सफाई करने को लेकर हुए दो पक्षों के विवाद के मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से चार लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी धर्मेंद्र पुत्र सहेन्द्र ने थाने पर तहरी देकर बताया कि गत 10 फरवरी को उसकी माता भूरिया व पिता सहेन्द्र घर पर अकेले थे और नाली की साफ सफाई कर रहे थे। आरोप है कि तभी पड़ोस चार लोगों ने गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।और आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। पीड़ित ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

## सी आर ओ ने की तहसील दिवस की अध्यक्षता



वेलकम इंडिया

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य राजस्व अधिकारी सतीश त्रिपाठी ने की। लेकिन वह समाधान दिवस की सुनवाई छोड़कर एक घंटा पहले ही चले गये। जिस सुनवाई दिवस में मुख्य राजस्व अधिकारी आते हैं वह आधे घंटे सुनवाई में आधे घंटे से अधिक समय नहीं देते। यह आरोप शिक्षक नेता डी एल गोस्वामी ने लगाते हुए कहा कि ऐसा करने से जनता की समस्याओं का निस्तारण सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। जैसे कि डेरामूसी गांव के एक प्रकरण में आर सिक्स पर अंकित आदेश का अनुपालन लेखपाल द्वारा नहीं किया गया। तहसीलदार सुमित कुमार सिंह के अनुसार इस मौके पर टोटल 104 प्रार्थना पत्र आये। जिसमें 6मामले का तत्काल निस्तारण करा दिया गया।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी रविता राव, सप्लाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह, खंड विद्युत अधिकारी मनोज यादव, नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज के ईओ निखिलेश मिश्रा, सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला राइफल एसोसिएशन का हुआ फाइनल



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिला राइफल एसोसिएशन शूटिंग रेंज सिविल लाइन में आयोजित जिला मथुरा ओपन शूटिंग चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि खिलाड़ियों को धैर्य के साथ मेहनत करनी चाहिए शांत मन से किया गया परिश्रम सकारात्मक परिणाम देता है, श्री राकेश कुमार नगर मजिस्ट्रेट ने सभी सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके उत्साह से यह प्रतियोगिता आयोजित हो पाई है, उपजिलाधिकारी श्रीमती अजाकता त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मेहनत से अपना लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए, श्री अनिल कपरवान ने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की, प्रतियोगिता प्रभारी मनीष चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के एयर पिस्टल आई एस एस एफ वर्ग के चैंपियन ऑफ चैंपियंस ग्वालियर के पुष्पेन्द्र सिंह को पुरस्कार स्वरूप ग्यारह हजार रुपए नकद, ट्रॉफी , दूसरे स्थान पर रही गाजियाबाद की संस्कृति बाना को आठ हजार एक सौ रुपए और ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर रहे फरीदाबाद के कपिल को पांच हजार एक सौ रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एयर पिस्टल एन आर वर्ग चैंपियन ऑफ चैंपियंस बने बागपत के सागर तोमर को दस हजार रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, दूसरे स्थान पर रहे आगरा के कुशाग्र रत्नम को सात हजार एक सौ रुपए और ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रहे बुलंदशहर के लक्ष्य को चार हजार एक सौ रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एयर राइफल आई एस एस एफ वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियंस बनी प्रयागराज की दीक्षा वैश्य को ग्यारह हजार रुपए नकद, ट्रॉफी दूसरे स्थान पर रही गाजियाबाद की प्रकृति चौधरी को आठ हजार एक सौ रुपए ट्रॉफी, तीसरे स्थान पर रहे शामली के पीयूष शर्मा को पांच हजार एक सौ रुपए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, एयर राइफल एन आर वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियंस बने गाजियाबाद के निखिल कुमार को दस हजार रुपए नकद, ट्रॉफी दूसरे स्थान पर रही निहारिका को सात हजार एक सौ रुपए, ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रही निकिता फौजदार को चार हजार एक सौ रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया , तकनीकि अधिकारी रहे आदर्श चौधरी, विक्रांत सिंह तोमर, मुकेश चौधरी सहित पूरी ऑफिशियल टीम अंजली प्रकाश, हर्षवर्धन सिंह, यश चौधरी, अनुभव त्यागी, नवदीप सिंह, दक्ष, गगन, लक्ष्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया , इस अवसर पर देविंद्र सिंह, गोविंद शर्मा, हिमांशु सैनी, विशाल चौधरी, विकास डागर आदि उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर उपचुनाव की ऐतिहासिक जीत पर ज़ि पंअ रोली सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से की

वेलकम इंडिया

मिल्कीपुर में ऐतिहासिक जीत के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आज ज़िला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या, रोली सिंह ने लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह 'रोहित' भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान रोली सिंह ने ग्रामीण विकास और ज़िला पंचायत की योजनाओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन मांगा। मुख्यमंत्री ने इन



मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके अलावा, उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी विजय में ज़िला पंचायत अध्यक्ष और उनकी टीम की भूमिका की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत प्रदेश में सुशासन, विकास और पार्टी संगठन की सक्रियता का परिणाम है। रोली सिंह ने भी मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से ही *मिल्कीपुर उपचुनाव की ऐतिहासिक जीत पर ज़ि पंअ रोली सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से की भेंट* मिल्कीपुर में ऐतिहासिक जीत के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आज ज़िला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या, रोली सिंह ने लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह 'रोहित' भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान रोली सिंह ने ग्रामीण विकास और ज़िला पंचायत की योजनाओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन मांगा। मुख्यमंत्री ने इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसके अलावा, उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी विजय में ज़िला पंचायत अध्यक्ष और उनकी टीम की भूमिका की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत प्रदेश में सुशासन, विकास और पार्टी संगठन की सक्रियता का परिणाम है। रोली सिंह ने भी मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से ही यह जीत संभव हो सकी है।

# नगर निगम के बाबू पर युवती को नौकरी से निकलवाने और अगवा करने का लगा आरोप, पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** नगर निगम में संविदा पर कार्यरत रही एक महिला कर्मचारी तीन दिन से लापता है। इस मामले को लेकर युवती के परिजनों ने नगर निगम के टैक्स विभाग में कार्यरत बाबू सुनील राजपूत पर बहाने से घर बुलाकर अगवा करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में परिजनों द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। थाना किला क्षेत्र के निवासी युवती के पिता के अनुसार, उनकी बेटी दो साल पहले नगर निगम में संविदा कर्मचारी के रूप में नियुक्त हुई थी। आरोप है कि टैक्स विभाग में तैनात बाबू सुनील राजपूत ने साजिश रचकर उसे नौकरी से निकलवा दिया, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान थी। 11 फरवरी को युवती किसी जरूरी बातचीत के लिए नगर निगम गई थी। शाम 4:34 बजे उसने अपने पिता को फोन कर बताया था कि सुनील राजपूत ने उसे बातचीत के लिए अपने घर बुलाया है। लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी। बेटी की चिंता होने पर परिजनों ने गणेशनगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पास सुनील के घर जाकर पूछताछ की, तब वहां मौजूद उसके भाई ने युवती के वहां आने से इनकार कर दिया। युवती के पिता का आरोप है कि बाबू सुनील राजपूत लंबे समय से उनकी बेटी पर शादी का दबाव बना रहा था। एक ही विभाग में काम करने के कारण उसके पास युवती का फोन नंबर था और वह बार-बार फोन कर उसे परेशान करता था। अमर्यादित बातचीत और इमोशनल ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती ने 7 अगस्त 2024 को कोतवाली में उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। लेकिन इसके बावजूद सुनील उसे लगातार परेशान करता रहा और जनवरी में उसे नौकरी से निकलवाने में भूमिका निभाई। इसके बाद भी वह समझौते के लिए दबाव डालता रहा। युवती के लापता होने के बाद परिजनों ने कोतवाली में मामला दर्ज करा दिया है। पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है और सुनील राजपूत से भी पूछताछ की जा रही है। वहीं परिजनों ने अपनी बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है, जिससे पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन कर रही है।

# आज होगा विशाल कवि सम्मेलन और पुस्तक विमोचन... बेखौफ शायर

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




हापुड़ जनपद हापुड़ ग्राम चितोली रजिस्ट्रार आफिस के नजदीक कबीर हैरिटेज में कबीर साहित्य परिषद - भारत का पहला विशाल कवि सम्मेलन और पुस्तक विमोचन का आयोजन किया जाएगा।संस्था के संस्थापक बेखौफ शायर डा. नरेश सागर ने बताया कि..... कबीर साहित्य परिषद -भारत अपने पहले ही आयोजन ने पचास कवि और शायरों को दावत ए सुखन पर आमंत्रित कर रहा है।डा.सागर ने कहा कि हमारी संस्था किसी भी प्रकार के धार्मिक व जातिगत कट्टरता का समर्थन नहीं करती, ये साहित्य के क्षेत्र में एक निष्पक्ष मंच है जो नवांकुर और हाशिए पर खड़े रचनाकारों को आमंत्रित करती है। आयोजन में मुख्य अतिथि शहर विधायक विजयपाल आढ़ती, अध्यक्षता अवनीश त्यागी विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत सुकुमार व आशीर्वाद रूप में अन्तरराष्ट्रीय बौद्ध भिक्षु डा.एल.अश्वघोस उपस्थित रहेंगे। सहयोग में मा.सुरेंद्र खेड़ा,डा.सुनील सरकार, डा.जितेंद्र कुमार 'जीत', जमशेद माहिर, फराज चौधरी, डा.अशोक सम्राट, विजय वत्स, सारिका मेहता, अंकित इंकलाब,कल्पना वानिया आदि।

## सिंभावली महाराजा फार्म हाउस आगमन पर उ॰प्र॰ वॉलीबॉल संघ सचिव का जिला अध्यक्ष ने शाल पहनाकर किया हार्दिक अभिनंदन



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/हापुड़ वॉलीबॉल संघ के जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र सिंह औलख के द्वारा उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल सचिन अमरीश भदोरिया (डीएसपी उत्तर प्रदेश पुलिस) का सिंभावली महाराजा फार्म हाउस आगमन पर शॉल पहना कर हार्दिक अभिनंदन करते हुए जोरदार स्वागत किया गया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की फरियाद का तत्काल हो निस्तारण/जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा



**हापुड़**/उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा पीड़ितों की फरियाद को लेकर तत्काल निवारण करने के लिए थाना समाधान दिवस एवं तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन को लेकर सभी जिला अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं। इसी क्रम में हापुड़ जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, एसडीएम साक्षी शर्मा के द्वारा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्या/शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। एवं प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं वास्तविक शीघ्रता निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पिलखुवा कोतवाली का निरीक्षण कर संबंधित को दिए दिशा निर्देश



**हापुड़/पुलिस** क्षेत्राधिकारी ने पिलखुवा कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने लंबित विवेचनाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए लंबित विवेचनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। थाने पर आने वाले पीड़ित की फरियाद को तत्काल निष्ठा पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण किया जाए। और अपनी ड्यूटी को सत्यता सतर्कता और निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने को लेकर संबंधित को दिए दिशा निर्देश।

# बदायूं की दातागंज कोतवाली में अमिताभ बच्चन के दामाद निखिल नंदा समेत नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बदायूं।** ट्रैक्टर एजेंसी के एक डीलर द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने अमिताभ बच्चन के दामाद निखिल नंदा समेत 9 लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। यह मामला कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हो सका है। मृतक डीलर ने अपने सुसाइड नोट के जरिये परिवार को बताया था कि कम सेल होने पर उसे धमकाया जा रहा था और लाइसेंस निरस्त करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आपको बता दें कि मृतक जितेंद्र सिंह (40) दातागंज, बदायूं में ह्लजय किसान ट्रेडर्स फार्म ट्रैक ट्रैक्टरह्व नाम से एक ट्रैक्टर एजेंसी चलाता था। उसका बिजनेस पार्टनर लल्ला बाबू पारिवारिक विवाद के चलते जेल चला गया था, जिससे जितेंद्र अकेले ही एजेंसी संभाल रहा था। कंपनी के अधिकारी और फाइनेंसर बार-बार एजेंसी पर आकर जितेंद्र पर सेल बढ़ाने का दबाव बना रहे थे। वे कहते थे कि अगर वह सेल नहीं बढ़ाएगा तो एजेंसी का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा और उसे इतना परेशान कर देंगे कि उसकी पूरी संपत्ति बिक जाएगी। मृतक के भाई ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया है कि 21 नवंबर 2024 को आरोपी एजेंसी पहुंचे और जितेंद्र को खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। जिससे आहत होकर अगले दिन, 22 नवंबर 2024 को सुबह 6 बजे, जितेंद्र ने आत्महत्या कर ली। परिवार का कहना है कि यदि कंपनी के अधिकारियों ने मानसिक दबाव न बनाया होता, तो जितेंद्र आत्महत्या नहीं करता। जितेंद्र की आत्महत्या के बाद परिवार ने पहले थाने में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इसके बाद वे उच्च अधिकारियों के पास गए, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार, परिवार ने कोर्ट का सहारा लिया, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर मृतक के भाई ज्ञानेंद्र सिंह की तहरीर के आधार पर जनपद बदायूं की दातागंज कोतवाली में 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ, जिनमें आशीष बालियान (एरिया मैनेजर) सुमित राघव (सेल्स मैनेजर) दिनेश पंत (बरेली हेड) पंकज भाकर (फाइनेंस कलेक्शन) अमित पंत (सेल्स मैनेजर) नीरज मेहरा (सेल्स हेड) निखिल नंदा (दामाद अमिताभ बच्चन, पुत्र राजन) शिशांत गुप्ता (डीलर, शाहजहांपुर) और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है।

# बालामऊ स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य की वजह से करीब एक दर्जन ट्रेनों का संचालन शनिवार से हुआ रद

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** उत्तर रेलवे ने बालामऊ स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य की वजह से करीब एक दर्जन ट्रेनों का संचालन शनिवार से रद कर दिया है। इनमें अर्चना एक्सप्रेस, बरेली वाराणसी, राज्यरानी एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार मेरठ से लखनऊ जाने वाली 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस, बरेली से वाराणसी जाने वाली 14236 एक्सप्रेस, नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली 15128 काशी विश्वनाथ, आनंद विहार से दानापुर 13258 एक्सप्रेस 15 से 19 फरवरी तक, 15623 भगत की कोठी-कामाख्या 18 फरवरी तक, 12355/12356 अर्चना एक्सप्रेस 15 और 16 फरवरी को रद रहेगी। इसके अलावा हावड़ा से काठगोदाम जाने वाली 13019 बाघ एक्सप्रेस 18 तक पहले से निरस्त चल रही है। शनिवार से काठगोदाम से हावड़ा जाने वाली बाघ 13020 एक्सप्रेस भी रद रहेगी। लखनऊ चंडीगढ़ 12232 एक्सप्रेस 15 से 18 तक, पदमावत 14208 एक्सप्रेस 15 से 19 तक निरस्त रहेगी। 14003 माल्दा टाउन-नई दिल्ली 15 और 18 फरवरी को रद रहेगी। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया है कि 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस गाड़ी 18 फरवरी को सिंगरौली रेलवे स्टेशन से 180 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।

# हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में डीएम के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 02 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें, जिन शिकायतों में जांच के उपरांत करवाई की जानी है उसमें अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करने के उपरांत ही शिकायत का निस्तारण करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, उपजिलाअधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसके साथ ही हापुड़ तहसील में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जहां पर 17 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 03 का निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराया गया। इसी क्रम में धौलाना तहसील की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए धौलाना तहसील दिवस में 35 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया।

# पीलीभीत बाईपास को सिक्सलेन बनाने वाले प्रोजेक्ट की शुरूआत में ही फंस गया पेच

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पीलीभीत बाईपास को सिक्सलेन बनाने के प्रोजेक्ट की शुरूआत में ही पेच फंस गया है। इस सड़क का अलग-अलग हिस्सा पीडब्ल्यूडी और बीडीए को चौड़ा करना है। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद बीडीए ने टेंडर भी निकाल दिए हैं लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारी अभी तक प्रस्ताव ही तैयार नहीं कर पाए हैं। इससे आधे बाईपास को सिक्सलेन करने का काम फंसने के आसार नजर आ रहे हैं। दरअसल पीलीभीत बाईपास को बैरियर टू चौकी से बड़े बाईपास तक चौड़ा करने का काम बीडीए को करना है। वहीं सेटेलाइट तिराहे से बैरियर टू चौकी तक सड़क को सिक्सलेन करने का काम पीडब्ल्यूडी को दिया गया है। पीडब्ल्यूडी को रिवाइज एस्टीमेट शासन को भेजना है, लेकिन अब तक इस प्रस्ताव को तैयार ही नहीं किया जा सका है। माना जा रहा है कि प्रस्ताव बनाने में इतनी देरी हो चुकी है कि पीडब्ल्यूडी अगर कुछ दिन में उसे तैयार भी कर ले और शासन को भेज भी देता है तो उसे मंजूरी मिलने और टेंडर प्रक्रिया में काफी समय लग जाएगा। इससे पहले पीडब्ल्यूडी ने वर्ष 2022 में पीलीभीत बाईपास पर बैरियर टू से बड़ा बाईपास तक सड़क को फोरलेन करने का प्रस्ताव भेजा था। इसके लिए बजट मंजूर हो गया था, लेकिन जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर सड़क को सिक्सलेन करने का फैसला लिया गया। इसके लिए दोबारा 301 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया लेकिन इसके बाद शासन ने दोनों में से किसी प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी। इस बीच अधिकारियों की कवायद चलती रही। दो बार फोरलेन और एक बार सिक्सलेन का एस्टीमेट बना लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। पिछले साल बरेली की कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर बीडीए ने बैरियर टू चौकी से बड़ा बाईपास तक सड़क को सिक्सलेन करने के लिए एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया जिसे मंजूरी मिल गई। बैरियर टू से बड़ा बाईपास तक चार किमी सड़क को सिक्सलेन करने पर करीब 60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए टेंडर भी निकाल दिए गए हैं। मार्च में काम शुरू करने के बाद इसी साल इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की बात कही जा रही है। सेटेलाइट बस स्टैंड से बड़ा बाईपास तक करीब 11 किलोमीटर लंबी सड़क को चौड़ा करने का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी ने ही तैयार किया था। इसके बाद सड़क का चौड़ीकरण दो चरणों में कराने का फैसला हुआ। इसमें बीडीए के अफसरों की वजह से देरी हुई। उन्होंने बैरियर टू चौकी से बड़ा बाईपास तक सिक्सलेन सड़क के निर्माण का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी को जानकारी दिए बगैर शासन को भेज दिया जिसे मंजूरी भी मिल गई।

# बीएसए कॉलेज के प्रोफेसरों के बीच हुए रोमांचक खेल मुकाबले, विज्ञान संकाय की टीम ने दिखाया दम

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बीएसए (पीजी) कॉलेज के त्रिदिवसीय वार्षिक खेल महाकुंभ का शनिवार तीसरे दिन रंगारंग समापन समारोह हुआ। अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण शिक्षकों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले रहे, जिसमें हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, रस्साकसी और म्यूजिकल चेयर जैसे खेलों ने समां बांधा। मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं यूपी राज्य हॉकी संघ के संयुक्त सचिव श्री संजय गौतम ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर समापन समारोह का शुभारंभ किया।

हॉकी ग्राउंड पर विज्ञान संकाय और रेस्ट ऑफ कॉलेज टीम के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ। संघर्षपूर्ण मैच में विज्ञान संकाय की टीम ने 2-1 के अंतर से जीत दर्ज की। खेल के दौरान शिक्षकों और छात्रों का जोश देखते ही बनता था।

प्रोफेसरों के बीच हुए क्रिकेट मुकाबले में रेस्ट ऑफ कॉलेज इलेवन बनाम विज्ञान इलेवन के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। इस मैच में भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। उनकी घातक गेंदबाजी और विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर विज्ञान इलेवन ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। डॉ. रवीश शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए ₹मैन ऑफ द मैच₹ घोषित किया गया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। उनकी खेल कुशलता और शानदार रिफ्लेक्सेस ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। महाविद्यालय के सभी प्रोफेसरों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपने साथी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। समापन समारोह के अंत में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा, ₹खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता सिखाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। हमारे शिक्षक और छात्र जिस तरह पूरे जोश के साथ इस महाकुंभ में भाग लेते हैं, वह खेल भावना का अद्भुत उदाहरण है। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. एस के राय, डॉ एस के सिंह, डॉ खुशवंत सिंह,बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ के वाई सिंह ,डॉ. रवीश शर्मा, डॉ आनंद त्रिपाठी, डॉ बी के गोस्वामी , डॉ अनिल कुमार भाटी ,सोनू ठाकुर, प्रदीप प्रकाश एवं कपिल अत्री का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने इस खेल महाकुंभ की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और बड़े स्तर पर किया जाएगा, ताकि खेल प्रतिभाओं को और अधिक अवसर मिल सके। इस रोमांचक खेल महाकुंभ ने खिलाड़ियों, शिक्षकों और छात्रों में नया जोश और ऊर्जा भर दी। बीएसए कॉलेज का यह आयोजन जिले की खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# पुलिस उपाधीक्षक ने किया थाना बैजनाथ का अर्धवार्षिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल शाह ने थाना बैजनाथ का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरिक, हवालात आदि का मुआयना करते हुए थाना अभिलेखों,सीसीटीएनएस, आपदा प्रबंधन के उपकरणों व थाने में मौजूद अस्लाह/कारतूसों का निरीक्षण किया। साथ ही थाना भोजनालय, बैरिक व परिसर की सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी कार्मिकों का सम्मेलन लेकर निजी, पारिवारिक, विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

पुलिस उपाधीक्षक द्वारा थाने में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के संबंध में जानकारी लेकर शस्त्रों की हैंडलिंग कराई गई तथा शस्त्रों की उचित साफ-सफाई/ररखरखाव रखने, थाना अभिलेखों व ऑनलाइन पोर्टलों को अपडेट रखने, थाना क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन हेतु सघन चैकिंग अभियान चलाकर विधिक कार्यवाही करने, लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने तथा लम्बित शिकायतों/जांच प्रार्थना पत्रों का समय पर निस्तारण कर न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं को भी शत-प्रतिशत तामील करने, महिला/बाल अपराधों व साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु स्कूलों/काँलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को आवश्यक जानकारी देकर जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ग्राम प्रहरियों से उनकी कुशलक्षेम पूछी गई साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। महोदय द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ग्राम प्रहरियों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं नशा करने वालों को चिन्हित कर समय पर पुलिस को सूचित करने के संबंध में बताया गया।

इस दौरान निरीक्षण में थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने थाना क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी उपाय किए जाने की बात कही।

## डीएम-एसपी के साथ सुनीं जन समस्याएं, 177 में से 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ तहसील सासनी में जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौका मुआयना कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्णढंग से करने के निर्देश दिए। सासनी तहसील सभागार में आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने तहसील समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई कर निस्तारण की कार्यवाही को अंजाम दिया। आयुक्त महोदया ने शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही उन्होंने ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि उन शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचाार प्रसार करने के निर्देश दिए। जिससे कि छूटे/पात्र व्यक्तियों को संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके और योजनाओ का लाभ ले सकें।

सासनी समाधान दिवस में 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।इसके अलावा हाथरस तहसील में कुल 53 शिकायतों में 4 शिकायत, सादाबाद तहसील में कुल 28 शिकायतों में से 2 तथा सि0राऊ तहसील में कुल 44 शिकायतों में से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## पुलिस को बड़ी सफलता, 15 लाख के चोरी किए 49 मोबाइल जब्त, नाबालिग समेत चार आरोपी पढुआ पुलिस की गिरफ्त में....



वेलकम इंडिया

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के द्वारा जनपद को अपराध एवं भयमुक्त बनाए जाने के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के तहत निघासन सीओ महक शर्मा के नेतृत्व में पढुआ एसओ निराला तिवारी, पढुआ चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, ढखेरवा चौकी इंचार्ज संदीप यादव के द्वारा अलग-अलग स्थान से चोरी किए गए 49 मोबाइलों के साथ चार चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है।मामले में निघासन सीओ महक शर्मा ने बताया कि जनपद के अलग अलग स्थानों एवं साप्ताहिक बाजारों से मोबाइल चोरी एवं लूट की घटनाओं की सूचना पर पढुआ पुलिस टीम के साथ सर्विलांस टीम की सहायता से झारखंड राज्य के जनपद साहिबगंज के थाना तीन पहाड़ इलाके के बाबूपुर निवासी गौतम महतो पुत्र कुलेश महतो, शिवसागर पुत्र अमृत महतो, जय कुमार पुत्र बीरू महतो सहित पंचायत भवन निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र बिहारी मण्डल को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार किए गए चारों अभियुक्तों में दो बालिग और दो नाबालिग हैं, जिनके पास से लगभग 15 लाख की कीमत के कुल 49 मोबाइल बरामद किए गये हैं, चोर मोबाइल चोरी करके पश्चिम बंगाल और झारखंड में जाकर बेच देते थे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दुकानों से लिए सैंपल, व्यापारियों में मचा हड़कम्प

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान के तहत दो किराना दुकानों से खाद्य सामग्री के नमूना लिया गया। अधिकारियों ने यह कार्रवाई उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मिलावटी व नकली सामान की जांच के उद्देश्य से किया गया। आपको बता दें कि टीम ने दुकानों पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की और कुछ संदिग्ध सामग्री के सैंपल लिए नमूने लैब परीक्षण के लिए भेजे जायेंगे, जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ-सफाई और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बेचने के निर्देश दिये हैं। यदि जांच रिपोर्ट में कोई अनियमितता पायीं जाती है, तो सम्बन्धित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आपको बता दें कि नगर पंचायत बढ़नी बाजार के माल गोदाम रोड गोला बाजार में खाद्य विभाग सिद्धार्थनगर एवं बस्ती के अधिकारियों ने दो थोक व्यापारियों के यहां छापा मारकर नमूने लिया।

## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी नंद किशोर कलाल को ज्ञापन देकर नगर के मॉडल इंटर कॉलेज में मानक के अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति किये जाने तथा सड़क किनारे रखे ट्रांसफॉर्मर को हटाए जाने सहित नगर के मुख्य तिराहे पर दूरी एवं दिशा की समझ के लिए सांकेतिक बोर्ड लगाए जाने की मांग की।

व्यापार मण्डल के पदाधिकारी शनिवार को तहसील पहुंचे और विभिन्न समस्याओं पर आधारित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा ।ज्ञापन में कहा गया है कि नगर स्थित दोनों मॉडल इंटर कॉलेज में अध्यापकों की कमी है ।दोनों कॉलेज मात्र एक-एक शिक्षक के सहारे चल रहे हैं। जिसके चलते छात्रों की शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है ।कॉलेज में मानक के अनुसार अध्यापकों की नियुक्तियाँ सुनिश्चित करने से शिक्षण स्तर बेहतर होगा ।इसके अलावा नगर के सिब्ते के चौराहे पर सड़क किनारे रखे ट्रांसफॉर्मर को हटाने की मांग करते हुए कहा गया कि सड़क किनारे रखे ट्रांसफॉर्मर से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है तथा मार्ग के चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न हो रही है ।जिसे अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित किया जाना जरूरी है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्य तिराहे पर सही दूरी और दिशा दशार्ने वाले संकेतक बोर्ड लगाए जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे बाहरी लोगों को सही यातायात मार्गदर्शन मिलेगा ।सीडीओ ने समस्याओं के नियमानुसार निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी मुशर्रफ अली,नगर महामंत्री आशीष वर्मा आदि।

## प्रवेश मेले का किया आयोजनः जितेंद्र चौधरी



वेलकम इंडिया

**नहटौरः** प्राथमिक विद्यालय दबखेडी सालार में प्रवेश मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम वासियों ने अभिभावकों ने छात्रों ने भारी संख्या में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ की तथा फलों इत्यादि की स्टॉल लगाकर अभिभावक को वह आने वाले प्रवेश प्राप्त छात्राओं का स्वागत किया। छात्रों में गजब का अनुशासन दिखा सभी छात्राओं ने बहुत उच्च स्तर का अनुशासन शिष्टाचार व्यवहार इस मेले में प्रदर्शित किया।इस मेले में लगभग 12 प्रवेश हुए हैं अभिभावकों का भी उत्साह देखने लायक था। मेले की संपूर्ण व्यवस्था शिक्षामित्र अरुणा चौधरी व सुभाष कुमार के द्वारा की गई थी। मुख्य अध्यापक जितेंद्र चौधरी, संदीप, विवेक तथा सफाई कर्मचारी टेनीपाल आंगनबाड़ी कार्यकत्री विद्या तथा बबली ने भी भरपूर से सहयोग किया गांव के प्रधान ओमपाल ने मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया इस अवसर पर अनेक ग्राम वासी उपस्थित थे फिरदोषजरिसा शशि इत्यादि ने मेले की व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान किया जैसा आप जानते हैं प्राथमिक विद्यालय अपने उत्कर्ष कार्यों के लिए जाना जाता है।

## विद्युत पोल से टकराईं कार एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौके पर मौत दूसरा गम्भीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया



**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** नेशनल हाइवे-730 चिल्हियां वाया शोहरतगढ़.के ग्राम परसिया मेन सड़क पर तेज रफ्तार आ रही कार की ठोकर से एक ब्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गयीं और एक ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं दुर्घटना के तुरन्त बाद कार चालक फरार हो गया। आपको बता दें कि शनिवार करीब 3:00 बजे सिद्धार्थनगर से शोहरतगढ़.आ रहे कार की साइकिल चालक से भयंकर एक्सीडेंट हो गयीं। परसिया निवासी पूर्व चपरासी लौटन के आवास के बगल विद्युत पोल से टकराईं एक्सीडेंट में कार के परखच्चे उड़ गये। वहीं दुर्घटना में साइकिल सवार एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में किसी ग्रामीण ने थाना चिल्हियां को दुर्घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में मृत ब्यक्ति पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया और दूसरे ब्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया।

## विद्युत पोल से टकराईं कार एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौके पर मौत दूसरा गम्भीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** नेशनल हाइवे-730 चिल्हियां वाया शोहरतगढ़.के ग्राम परसिया मेन सड़क पर तेज रफ्तार आ रही कार की ठोकर से एक ब्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गयीं और एक ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं दुर्घटना के तुरन्त बाद कार चालक फरार हो गया। आपको बता दें कि शनिवार करीब 3:00 बजे सिद्धार्थनगर से शोहरतगढ़.आ रहे कार की साइकिल चालक से भयंकर एक्सीडेंट हो गयीं। परसिया निवासी पूर्व चपरासी लौटन के आवास के बगल विद्युत पोल से टकराईं एक्सीडेंट में कार के परखच्चे उड़ गये। वहीं दुर्घटना में साइकिल सवार एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरा ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में किसी ग्रामीण ने थाना चिल्हियां को दुर्घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में मृत ब्यक्ति पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया और दूसरे ब्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया।



## शिविर के दूसरे दिन को नशा मुक्ति जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया




वेलकम इंडिया

**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन को ₹नशा मुक्ति जागरूकता दिवस₹ के रुप में मनाया। शुरूआत स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाकर की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने शिविर स्थल पर श्रमदान एवं सफाई की।प्रथम पहर में छात्रों ने छात्र इकाई के परियोजना अधिकारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में मोहल्ला सराय रफी में तथा छात्राओं ने छात्रा इकाई की परियोजना अधिकारी डॉ मीनाक्षी चौहान के निर्देशन में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली एवं श्रमदान किया।दूसरे पहर में ₹नशा मुक्ति जागरूकता अनेक समस्याओं का समाधान₹ विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्र-छात्राओं को समझाया कि नशा एक बुरी लत है, हमें इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपनी संगति संभलकर चुननी चाहिए अगर संगति खराब है तो हमारे अंदर अनेक बुराइयां प्रवेश कर सकती हैं, जिनमें से नशा भी एक है। छात्रा इकाई की परियोजना अधिकारी डॉ मीनाक्षी चौहान ने छात्र-छात्राओं से कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिसके कारण बहुत से परिवार टूट रहे हैं और उनमें अनेक परेशानियां पैदा होती है। उद्बोधन के बाद छात्र छात्राओं के साथ विचार विमर्श भी किया गया कि किस तरह से हम इस सामाजिक बुराई को दूर कर सकते हैं।

## कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसपी ने कांवर यात्रा मार्गों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** बिजनौर में महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।शेरकोट क्षेत्र में डीएम और एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया है।इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो।बिजनौर में आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने धामपुर, शेरकोट और अफजलगढ़ क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्गों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और रूट डायवर्जन प्लान की समीक्षा की।डीएम और एसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।मार्गों का निरीक्षण डीएम और एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

रूट डायवर्जन योजनाः अधिकारियों को रूट डायवर्जन योजना को समय से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो।कांवड़ यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाली इस पावन यात्रा के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं।यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। प्रशासन का पूरा फोकस इस बात पर है कि कांवड़ यात्रा सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।

# नए जिला अध्यक्ष रालोद रामपाल सिंह का स्वागत

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** गाजियाबाद को नए जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी को बनाया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद सिंह चैयरमैन हस्तिनापुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के निर्देशन में मोदीनगर के निवासी रामपाल चौधरी पर भरोसा जताया है। जैसे ही रामपाल चौधरी को रालोद का जिला अध्यक्ष बनने की खबर नगर वासियों को मिली, उनके समर्थकों व पार्टी के पदाधिकारियों व सभासदों, सहित बधाई दी गई। नगर पालिका के पूर्व सभासद व पूर्व में नगर पालिका मोदीनगर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे विनोद गौतम ने अपने साथियों के साथ उनके आवास पर जाकर बधाई दी, माला, ओर पार्टी के पटका, पहनाकर स्वागत किया। और मिठाई बांटी। स्वागत करने वाले नरेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष, व आकाश गौतम एडवोकेट जिला महासचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, ब्रह्मसिंह जाटव पूर्व प्रधान, मूलचंद जाटव, ब्रह्मपाल जाटव, सुभाष जाटव एडवोकेट, तरुण जाटव, यश गौतम, सूबे गुर्जर सभासद, सोनू सभासद, आदित्य चौधरी सभासद, राहुल सभासद, कपिल सभासद, शिवम त्यागी, हरीश त्यागी, के सी त्यागी, एस पी शर्मा, धर्मपाल शर्मा, बी के शर्मा युवा नेता, बिजेंद्र चौधरी, कृष्णपाल सैन अध्यक्ष सैन समाज व पूर्व बी डी सी, पंजाबी संगठन अध्यक्ष के सुनील गुलाटी, सागर ग्रोवर ने सापा पहनाकर स्वागत किया, सभी साथियों ने फूल, माला, बुके, देकर, मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। सभी ने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री भारत सरकार एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद सिंह चैयरमैन हस्तिनापुर व शीर्ष नेताओं का आभार व धन्यवाद किया।



# राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर। गिन्नी** देवी मोदी कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत इकाई बी द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य शीर्षक जीवो पर दया करो एवं सामाजिक स्वच्छता था! कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या प्रो पूनम शर्मा द्वारा किया गया। प्राचार्य ने स्वयं सेविकाओं को जीवों के प्रति दया भावना रखने एवं उनसे प्रेम करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शालू देवी ने छात्राओं को हमारे आसपास के वातावरण में जीव जंतुओं का क्या महत्व है पर प्रकाश डाला एवं समाज में एक-एक व्यक्ति स्वच्छता में किस प्रकार अपना योगदान दे सकता है पर चर्चा की। इकाई बी की स्वयं सेविकाओं ने भी अपने आसपास के वातावरण में हो रहे परिवर्तन एवं सामाजिक स्वच्छता से मन पर पढ़ने वाले प्रभावों पर अपने विचार साझा किया तथा जीव जंतुओं से प्रेम करने पर बल दिया एकदिवसीय शिविर में डॉ ऋषिका पांडेय सुश्री मंजू कन्नौजिया डॉ आशा बंसल डॉ सरिता जैन डा गीता त्यागी डा सारिका त्यागी सुश्री स्वीटी सुश्री यास्मीन सुश्री फराह सुश्री अवनी आदि प्रवक्ताएं उपस्थित रही! कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बी की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शालू देवी द्वारा किया गया एकदिवसीय शिविर में निशा चंचल अजरा मुस्कान नाजिया साहिबा तनू सोनी काजल सानिया आदि स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय योगदान दिया।

# गिन्नी देवी मोदी कॉलेज में लोक नृत्य का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर में संस्कृत विभाग द्वारा वसंत उत्सव के उपलक्ष्य में लोक नृत्य का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में संस्कृत विभाग द्वारा वसंत उत्सव के उपलक्ष्य में लोक नृत्य का आयोजन संस्कृत विभाग की विभाग अध्यक्ष मंजू कनौजिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सह संयोजिका सुश्री ज्योति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी कैडेट मिस्किन ने किया। ऐश्वर्या, खुशबू, नेहा, रिया, अनीशा इत्यादि छात्राओं ने लोक नृत्य प्रस्तुति द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में में डॉक्टर आकांक्षा सारस्वत सुश्री ऐश्वर्या बहुगुणा सुश्री शालू देवी डॉक्टर गीता त्यागी डॉक्टर सारिका त्यागी श्रीमती अनीता कौशिक श्रीमती मधुलिका यासमीन, फरा, अवनी इत्यादि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल होने में मिस्किन, लक्ष्मी, शीतल, वंशिका, आंचल इत्यादि छात्राओं का विशेष योगदान रहा ।

# विशेष चैंकिग अभियान के अंतर्गत विद्युत चोरों पर की गयी कार्यवाही

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अंतर्गत विशेष चैंकिग अभियान चलाया गया। जिसके दौरान उपखण्ड अधिकारी-प्रथम/द्वितीय एवं सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर पुलिस प्रवर्तन दल तथा क्षेत्रीय पुलिस बल के साथ संजयपुरी एवं देवेन्द्रपुरी, मोदीनगर में मोर्निंग रेड की गयी। विद्युत वितरण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता महेश उपाध्याय ने बताया कि मोर्निंग रेड के दौरान 55 व्यक्तियों के परिसर चैक किये गये जिनमें 07 सीधे विद्युत चोरी करते पाये गये। जिसमें धारा 135 ए, 04 पूर्व में अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये संयोजनों को पुनः जोड़कर चलाते पाये जाने के कारण धारा 138 बी0 के अन्तर्गत के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी। अधिशासी अभियन्ता महेश उपाध्याय ने खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये, जिन उपभोक्ताओं का पूर्व में विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन अस्थायी रूप से विच्छेदित है वह शासन द्वारा वर्तमान में चलायी जा रही एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 के अन्तिम चरण की विस्तारित अवधि दिनांक 28.02.2025 तक पंजीकरण कराकर बिल का भुगतान कर, संयोजन को पुनः सुचारू कराये। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड/खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें। अन्यथा की स्थिति पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद तथा विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।

# मकान की छत पर चढ़ा सांड़, नीचे उतारने में छूटे लोगों के पसीने



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सिरौली कस्बे के एक मकान की छत पर शनिवार की सुबह सांड़ चढ़ गया। परिवार के लोगों ने जब उसे भगाने की कोशिश की तो वह हमलावर हो गया। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। इसकी सूचना लोगों ने सिरौली नगर पंचायत प्रशासन को दी। बाद में नगर पंचायत की तरफ से आई टीम ने किसी तरह सांड़ को घर की छत से नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार सिरौली कस्बे के मोहल्ला साहूकारा में बाबू चौकीदार का मकान है। शनिवार सुबह मकान का दरवाजा खुला था। इसी दौरान सांड़ घर में घुस गया और सीढ़िया से छत पर चला गया। छत पर सांड़ को देख घरवालों के होश उड़ गए। लोगों ने घटना की सूचना सिरौली नगर पंचायत को देते हुए सांड़ को नीचे उतारने की कोशिश की। इस पर सांड़ हमलावर हो गया। सांड़ ने घंटों तक छत पर चढ़कर उत्पात मचाया। सूचना पर नगर पंचायत की टीम भी पहुंच गई और कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा।

# पायनियर सैनिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद ।** इमिलियाँ स्थित पायनियर सैनिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का कार्यक्रम धूम-धाम से मनाया गया।जिसमें कक्षा 1 से लेकर 10 इँ तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाये । जिनमें से कुछ प्रमुख हैं (सोलर सिस्टम, वाटर प्यूरीफाई, वर्किंक माडल आफ लंग्स, चन्द्रयान 3, भू-कम्प मापक यन्त्र, मिनी कूलर, ग्रीन हाउस, सोर्स आफ वाटर, डाइजेस्टिव सिस्टम वाटरफॉल मॉडल वाटर, हीटर, हाइड्रो इलेक्ट्रिसीटी तथा पेरिस्कोप) जो की आकर्षण का केन्द्र रहा। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक आए। जिससे बच्चों का उत्साह वर्धन हुआ ।विद्यालय के डायरेक्टर शक्ति सिंह तथा प्रधानाध्यापिका बबिता सिंह भी प्रत्येक बच्चो के पास जाकर उनेके मॉडल को देखा और खूब सराहना किया जिससे बच्चे अति प्रसन्न हुए।

# अज्ञात वाहन ने बच्ची की मारी टक्कर, हुई मौत

**वेलकम इंडिया**

**सासनी।** गांव हर्दपुर में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से करीब दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर बच्ची के परिजन मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों की भीड़ भी लग गई। वहीं मौका मिलने पर अज्ञात वाहन सवार घटनास्थल से फरार हो गए। घटना से बच्ची के परिजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि शुक्रवार की रात सतीश की करीब दो वर्ष की पुत्री लक्षिता घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बच्ची की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने पशु मेले का किया उद्घघाटन

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी में एक दिवसीय वृहद पशु मेले का उद्घघाटन सहकारिता विभाग के मंत्री जेपीएस राठौर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बरेली के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने मेले में लगे पशुपालन से जुड़े स्टालों का अवलोकन किया और उनके बारे में जाना। वही कार्यक्रम के दौरान पशुपालन की स्मारिका का विमोचन किया गया। वही पशुपालन से जुड़े किसानों को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम के जरिये केंद्र और प्रदेश की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है कृषि और पशुपालन विभाग पशु मेला लगाकर आम लोगों को जागरूक करने का काम रहा है। तकनीकी सहायता से पशुपालकों को आय के साधन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया का सकता है।

वही विधायक एवं मेला आयोजक डॉ डीसी वर्मा ने कहा देश की अर्थव्यवस्था में पशुपालन और कृषि विभाग की सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है पशुपालन के जरिये किसानों की आय में बृद्धि की जा सकती है।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह की सुरक्षा की हुई समीक्षा

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस लाइन सभागार में त्रैमासिक समीक्षा बैठक हुई। अपर पुलिस महानिदेशक (सुरक्षा) रघुवीर लाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल और एडीजी (आगरा) अनुपम कुलश्रेष्ठ को पुलिस लाइन में जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने उन्हें बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था 3 जोन में बांटी गई है। रेड जोन में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह है। यलो जोन में बाहरी क्षेत्र है। अन्य क्षेत्र को ग्रीन जोन में रखा गया है। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में एडीजी (सुरक्षा) रघुवीर लाल अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में पूर्व के एजेंडे पर चर्चा हुई।

कुछ नए प्रस्ताव रखे गए उन पर भी विचार किया गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने पर विचार विमर्श हुआ। साथ ही भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को और बेहतर अनुभव देने के लिए भी सुझावों पर चर्चा हुई। अपर निदेशक आईबी विनीता शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक (आगरा) दीपक कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (पीएसी) सुजीत पांडेय, उप महानिरीक्षक (पीएसी) पूनम, पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ नरेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी सीपी सिंह, सांप्रदायिक नियंत्रण प्रकोष्ठ गृह विभाग अनु सचिव अरविंद कुमार चौबे, एसपी सुरक्षा बजरंगबली, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।




# एक अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार



**सिकन्द्राराऊ ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा हाथरस के आदेशानुसार फरार–वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त विष्णु पुत्र हुब्बलाल उर्फ हाकिम सिंह निवासी गांव गढ़िया इकबालपुर को राजकमल स्कूल कस्बा सिकन्द्राराऊ से गिरफ्तार किया गया है ।जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर बरामद हुए है ।

# थाना हसायन में महाशिवरात्रि , होली और शब-ए-बारात को ले शांति समिति की बैठक , कानून व्यवस्था के पालन त्योहारों को मनाने की अपील

**वेलकम इंडिया**

**सिकन्द्राराऊ।** (जितेन्द्र कुमार) पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, शब-ए-बारात व होली के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ श्याम वीर सिंह द्वारा थाना हसायन पर ग्राम प्रधानों, गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों एवं व्यापारियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया । मीटिंग के दौरान उपस्थित लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि व होली ,शब-ए-बारात को सकुशल-शान्ति पूर्वक मनाने एवं त्यौहार के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई । मीटिंग के दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों, गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं से वार्ता कर त्यौहारों के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी कर सभी से फीडबैक लिया गया तथा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई । मीटिंग में उपस्थित सभी गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओ से वार्ता कर अनुरोध किया गया कि आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि में मंदिरों पर कम से कम भीड़ इकट्ठा होने दे ।



# विधायक व डीएम की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** शासनादेश के क्रम में प्रत्येक माह के प्रथम व तीसरा शनिवार को मनाये जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस, जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में मनाया गया।

**सदर तहसील:** ?सदर विधायक श्री संजीव शर्मा की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 06 का निस्तारण किया गया।

विधायक श्री संजीव शर्मा ने इस मौके पर सभी अधिकारियों को जनता के कार्यों में कोताही ना बरतने एवं उनका सहयोग/मदद करने के लिए कहा। उन्होने शिकायतकताओं से कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है जनसेवा, जिसके लिए हम सदैव तत्पर रहते हैं। आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एडीएम सिटी, एसडीएम सदर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मोदीनगर तहसील:** जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने इस मौके पर कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित किया जाएं। शिकायत के निस्तारण उपरान्त सम्बंधित से फीड़बैक लेना भी सुनिश्चित किया जाएं। आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर जीडीए सचिव, मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम मोदीनगर, सीएमओ, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**लोनी तहसील:** एसडीएम लोनी श्री राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 02 का निस्तारण किया गया। आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एसीपी लोनी, ईओ, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में 135 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# हिंडन श्मशान घाट पर लगाए जाएंगे तीन हरित शवदाह गृह



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने हिंडन नदी के पास स्थित श्मशान घाट के जीर्णोद्धार और पर्यावरण-अनुकूल शवदाह गृह बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार, कम धुआं देने वाले आधुनिक दाह संस्कार संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों के साथ चल रहे कार्यों की प्रेजेंटेशन देखी। आधुनिक शवदाह गृह संयंत्र लगाने के लिए फाउंडेशन व अन्य कार्य प्रारंभ कर दिए गए। हिंडन श्मशान घाट का होगा आधुनिकीकरण, तीन नए हरित शवदाह गृह स्थापित किए जाएंगे। तीन आधुनिक दाह संस्कार संयंत्र लगाए जाएंगे-दो सीएनजी आधारित और एक गाय के गोबर की लकड़ी पर आधारित। लकड़ी की खपत 400-500 क्विंटल से घटकर 100 क्विंटल रह जाएगी। आगंतुकों के लिए प्रेयर हॉल और बैठने की उचित व्यवस्था बनाई जाएगी। ग्रीनरी बढ़ाने और अन्य प्लेटफॉर्म की मरम्मत की भी योजना। 3.5 करोड़ की लागत से यह परियोजना पांच महीनों में पूरी करने का लक्ष्य दिया गया है।

यह कदम न केवल धार्मिक रीति-रिवाजों को सम्मान देता है, बल्कि पर्यावरण-संरक्षण और आधुनिक तकनीक को भी बढ़ावा देता है। गाजियाबाद नगर निगम और ग्रीन रेवोल्यूशन फाउंडेशन की यह पहल सराहनीय है। धुएं का स्तर कम होगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। वास्तु के अनुसार डिजाइन किया गया निर्माण कार्य। शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी इस पहल को सराहा और आगंतुकों के लिए सुविधाओं को बढ़ाने की बात कही। इस दौरान अधिशासी अभियंता निर्माण एसपी मिश्रा, ग्रीन रेवोल्यूशन फाउंडेशन से टीम भी मौके पर उपस्थित रहे। यह पहल न केवल धार्मिक रीति-रिवाजों को बनाए रखेगी, बल्कि पर्यावरण-संरक्षण को भी बढ़ावा देगी। ग्रीन रेवोल्यूशन फाउंडेशन की मदद से इस कार्य की निगरानी की जा रही है। इस परियोजना से शहरवासियों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पर्यावरण-अनुकूल दाह संस्कार की सुविधा मिलेगी। यह गाजियाबाद शहर के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## जीआरपी ने पकड़ा शातिर चोर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रेनों में यात्रियों के लैपटॉप, मोबाइल व बैग चोरी करने वाले शातिर चोर को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से आठ लाख से अधिक कीमत के लैपटॉप व मोबाइल बरामद किए हैं। शनिवार को जीआरपी थाने में चोरी की घटना का खुलासा करते ही जीआरपी सीओ सुदेश गुप्त ने प्रभारी नवरत्न गौतम की मौजूदगी में बताया कि पुराना गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 3/4 दिल्ली साइड से ट्रेनों में बैग चोरी करने वाले शादाब निवासी गांव मुंडाली मेरठ को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी किए गए 17 लैपटॉप, एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद किए गए सामान की कीमत करीब आठ लाख 60 हजार रुपए है। जीआरपी प्रभारी ने बताया यह अपराधी हापुड रेलवे स्टेशन से लेकर दिल्ली स्टेशन के बीच चलने वाली ट्रेनों में चढ़कर यात्रियों को टारगेट कर उनके लैपटॉप बैग चोरी करता था। जो कि पिछले काफी समय से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ जीआरपी गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ में 16 मुकदमें दर्ज हैं।

## सोसाइटी की पार्किंग में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत वैशाली सेक्टर 7 की सीवोटैक सोसाइटी रामप्रस्थ ग्रीन की पार्किंगस्थल में एक ऐसे अधेड़ व्यक्ति का शव मिला जिसके मुंह से झाग आ रहे थे। लाश मिलने की सूचना के बाद इंदिरापुरम थाने के एसएचओ रवेंद्र गौतम फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गये। जांच के दौरान पुलिस का पता चला कि मृतक का नाम 65 वर्षीय नारायण चौधरी निवासी चंदोली बिलसंड़ा सीतामढ़ी बिहार था। वह लगभग 25 वर्षो से इस सोसाइटी के फ्लैट संख्या 903 टॉवर नंबर 5 में रहने वाले एमपी वर्मा के यहां घरेलू काम कर रहा था। पुलिस ने नाराश्ण चौधरी की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए हर एंगिल पर जांच करनी शुरू कर दी है। पुलिस ने मौत का सही कारण स्पष्ट करने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## माल देने के नाम पर कारोबारी ने हड़प ली लाखों की रकम

**गाजियाबाद।** केएल-41 कविनगर निवासी नितिन कुमार अग्रवाल ने कोर्ट माध्यम से शास्त्री नगर में रहने वाली दंपत्ति व उसके पुत्र के खिलाफ कविनगर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट दर्ज करवाते समय वादी ने पुलिस को बताया है कि शास्त्रीनगर के भवन संख्या एसके 95 निवासी राकेश मित्तल, उसकी पत्नी रमा मित्तल व पुत्र अनुपम मित्तल ने उसे माल देने के नाम पर उससे लाखों की रकम ऐंठ ली। काफी समय बाद भी जब उपरोक्त दंपत्ति ने उसे माल नहीं दिया तो उसने उनसे अपनी रकम मांगी। तब उन्होंने उससे अभद्रता की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

## बकाया जमा नही किया तो कटेगा कनेक्शन

**गाजियाबाद।** विद्युत निगम की एकमुश्त समाधान योजना शनिवार को समाप्त हो गई। बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए तीन चरणों में योजना का लाभ दिया गया था। बकाया जमा नहीं करने वाले बकायेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। उनके बिजली कनेक्शन काटे जाएंगे। दरअसल, शासन बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल में लगे सरचार्ज पर छूट देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाया था। जनपद के तीनों जोन में ओटीएस योजना के तहत शिविर लगाए गए। बकायेदारों को जागरूक भी किया गया। हालांकि शहरी क्षेत्र के मुकाबले देहात में योजना का बहुत कम लोगों ने लाभ उठाया। ओटीसी योजना के तहत अभी भी उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किए। सूत्रों ने बताया कि जोन- एक में 20 हजार से ज्यादा बकायेदारों ने बिल जमा नहीं किया है। शासन ने राजस्व वसूली के सख्त निर्देश दिए हैं। विद्युत निगम बिल जमा नहीं करने वालों पर शिकंजा कसेगा। जोन-एक के मुख्य अभियंता अशोक सुंदरम ने बताया एकमुश्त समाधान योजना का तीसरा चरण शनिवार को खत्म हो गया। उपभोक्ताओं को अब किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।

# निगम की भूमि पर अतिक्रमण, महापौर ने दिए तत्काल खाली कराने के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजय नगर स्थित क्रॉसिंग रिपब्लिक में नगर निगम की करीब 50-60 हजार वर्ग मीटर भूमि पर भूमाफियाओं की नजर बनी हुई है। महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को फिर निरीक्षण कर मुख्य अभियंता एनके चौधरी, संपत्ति अधीक्षक राम शंकर वर्मा, लेखपाल कौशिक और अवर अभियंता एसके सरोज के साथ मौके पर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ी और पशुपालन पाया गया, जिस पर महापौर ने तुरंत अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। नगर निगम की भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, और निगम की आय बढ़ाने के लिए नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। सभी अधिकारी और पार्षद इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। महापौर सुनीता दयाल ने बताया नगर निगम की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। हमने मौके पर निरीक्षण कर पाया कि कुछ स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ी और पशुपालन हो रहा है, जिसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निगम की जमीन को सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिकता है। हमारी योजना है कि नगर निगम की बिखरी हुई भूमि को मुख्य मार्ग पर एकत्र किया जाए, ताकि इसे उपयोग में लाया जा सके और निगम की आय में वृद्धि हो। भविष्य में यहां बैंकेट हॉल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, व्यावसायिक भवन और अन्य सुविधाएं विकसित करने की योजना है। अधिकारी और पार्षद भी इसमें पूरा सहयोग कर रहे हैं, और हम सुनिश्चित करेंगे कि नगर निगम की किसी भी संपत्ति पर अवैध कब्जा न होने पाए। नगर निगम की जमीन को टुकड़ों में बंटने से बचाने के लिए इसे मुख्य मार्ग पर एकत्र करने की योजना बनाई गई है। भविष्य में यहां बैंकेट हॉल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, व्यावसायिक भवन और स्विमिंग पूल जैसे प्रोजेक्ट विकसित किए जाएंगे, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि होगी। महापौर और नगर आयुक्त द्वारा भूमि संरक्षण के लिए निरंतर निगरानी और कार्रवाई जारी है। नगर निगम की भूमि बचाने और आय बढ़ाने के लिए जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## युवक की जलकर मौत मामले में पत्नी समेत चार गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में युवक की जलकर मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। उसने आत्मदाह किया था, जबकि परिजनों ने ससुरालियों पर जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर पत्नी, सास, ससुर व साले को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

पुलिस को शुक्रवार सुबह सूचना मिली थी कि शहीदनगर निवासी 25 वर्षीय दानिश को ससुरालियों ने जलाकर मार डाला है। आरोप था कि वह 13 फरवरी को शब-ए-बारात पर ससुराल में तीन वर्षीय बेटी से मिलने गया था, जहां साले ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। मरने से पहले दानिश का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें उसने जिंदा जलाने की बात कही थी। पुलिस को जांच के दौरान ससुरालियों के घर के पास एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिली, जिसमें दानिश ई-रिक्शे से ससुराल पहुंचता है और घर के पास वाली गली में जाकर रुकता है। कुछ सेकेंड बाद ही वह आग लगी हालत में ससुरालियों के घर में घुसता दिख रहा है।

इस दौरान गेट पर एक बच्चा भी उसकी चपेट में आने बचता है। इस फुटेज के सामने आने के बाद दानिश की मां अमीना ने शिकायत दी कि दानिश की पत्नी मुस्कान, सास फरीदा, ससुर सदाकत और साला फैजल उर्फ सद्दाम उसे लगातार परेशान कर रहे थे। इस कारण उसने खुद को आग लगाकर जान दे दी।

## ट्रांस हिंडन पुलिस ने किया 70 लाख की चोरी की घटना का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** 12 फरवरी को सूर्य नगर साहिबाबाद लिंक रोड निवासी तरुण महेश्वरी के घर हुई लाखों की चोरी की घटना का ट्रांस हिंडन पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी का शतप्रतिशत माल भी बरामद किया है। चोरों ने बड़े ही शातिर तरीके से घर की रेकी कर घर से लगभग 65 से 70 लाख रुपए मूल्य के डायमंड व स्वर्ण आभूषण और लगभग 5 लाख रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर स्वॉट, सर्विलांस टीम ट्रांस हिंडन जोन व थाना लिंकरोड पुलिस टीम ने रफीक पुत्र खलील उर्फ शहादत निवासी मकान नंबर-119 शास्त्री पार्क उस्मानपुर, दिल्ली को रामपुरी रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे का आदी है। पूछताछ में रफीक ने बताया कि उसका भाई जमील दोनों नशे की लत के आदि थे नशे का सामान खरीदने के लिए जब इनके पास पैसे खत्म हो जाते थे तो यह घरों की रेकी कर करते थे और घर में घुसकर चोरी को अंजाम दे दिया करते थे।

## 82 आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध होगी स्वच्छ पेयजल और शौचालय की सुविधा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाने के साथ उनको तकनीक से जोड़कर नई दिशा दी जा रही है। इसी क्रम में केंद्रों में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराकर उनको मजबूत किया जा रहा है। जिसके लिए आगनबाड़ी केंद्रों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। कायाकल्प योजना के तहत जिले के 82 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य तेजी से चल रहे है। योजना के द्वारा इन केंद्रों में स्वच्छ पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य 31 मार्च तक रखा गया है। हालांकि अभी कार्य 20 प्रतिशत तक हुआ है। जिसका लाभ केंद्रों पर आने वाले बच्चे, टीकाकरण कराने के लिए आने वाली महिलाओं के साथ-साथ केंद्रो पर काम करने वाली कार्यकताओं को मिलेगा। कायाकल्प के तहत भोजपुर के 24, लोनी ब्लॉक के 20, मुरादनगर के 16, और रजापुर ब्लॉक के 17 इन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय बनाए जा रहे है। साथ ही इसके अलावा 43 केंद्रों पर पानी के साधन उपलब्ध कराए जाने है। इसके साथ ही केंद्रों को आधुनिक बनाए जाने के क्रम में उनकों एआई से लेस कर उनमें स्मार्ट टीवी लगाए जाने है।, जिसके लिए 100 केंद्रों को एआई से लेस भी किया जा जाना है, जिनमें से 50 पर कार्य जारी है। बता दे कि जिले में 1371 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगभग 90 हजार बच्चे शिक्षा लेते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वाष्णेय ने बताया की आगनबाड़ी केंद्रो को तकनीक से जोडे के काम भी किए जा रहे है, केंद्रों पर शौचालय और पानी की सुविधाएं देने के लिए सभी 82 केंद्रों पर कार्य चल रहे है। जिनके लिए कार्यदायी संस्थाओं को पांच मार्च तक पूरे कराने के निर्देश दिए गए है।

# दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने किया नवीन मंडी का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद के नवीन मंडी स्थल साहिबाबाद का श्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मंडी की कार्यशैली तथा साफ सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होने आढ़तियों और किसानों से वार्ता की। उन्होने किसानों की समस्याओं को सुना और अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि त्वरित कार्यवाही से किसानों की समस्याओं का निदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने मंडी प्रबंधक को निर्देशित किया कि किसानों के विश्राम गृह में भी सभी जरूरी व्यवस्थाओं को पूर्ण व दूरस्थ किया जाएं। मंडी में अनाज की सुरक्षा के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस मौके पर मंडी सचिव सहित अन्य मंडी कर्मचारी, आढ़ती, किसान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।